## संक्षिप्त खबरें

### लू व डायरिया पीड़ित इलाज को पहुंच रहे

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच में भीषण गर्मी और लू से होने वाली बीमारी से पीड़ित मरीज उपचार के लिए लगातार पहुंच रहे हैं। एनएमसीएच के अधीक्षक प्रोडॉ अलका सिंह व उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने बताया कि गर्मी की बीमारी से पीड़ित मरीज के उपचार की व्यवस्था अस्पताल में की गई है। मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिन्हा ने बताया कि ज्यादातर लू लगने और डायरिया की शिकायत से पीड़ित मरीज इलाज के लिए इमरजेंसी और ओपीडी में आ रहे हैं। इन सबों का इलाज किया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन के द्वारा जरूरी दवा उपलब्ध कराई गई है।

### तीन दिवसीय विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

दानापुर नगर के अंतर्गत नगर परिषद के द्वारा तीन दिवसीय विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर परिषद के खगौल रोड पर चलाये गये विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार ने किया। गर्मी को देखते हुए दो चरण में शुरू हुए अभियान के प्रथम चरण शुरू आत सुबह 10 बजे से हुआ। इस दौरान सगुना मोड़ से आर के पूरम मोड़ तक मुख्य सड़क के दोनो ओर व्याप्त अतिक्रमण को हटाया गया। इस क्रम में सड़को पर फैले भवन निर्माण सामाग्री एवं अवैध रूप से अतिक्रमण कर लगाये गये गुमटी नुमा दुकान का जप्त कर आर्थिक दंड लगाया। उधर अतिक्रमण हटाओ दस्ता को देख लोगो में हड़कंप मच गया। लोग अपने गुमटी एवं सड़क पर फैले सामान को हटाने लगे। चिलचिलाती धूप के बीच अतिक्रमण हटाओ दस्ता में शामिल कर्मी कार्रवाई मे जुटे रहे। इस क्रम में अतिक्रमण करने वाले दर्जन भर से अधिक लोगो से करीब 15 हजार अर्थ दंड वसुला गया। नगर प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि तीन दिवसीय अतिक्रमण हटाओ दस्ता दो चरण में शुरू किया गया। इस दौरान सफाई निरीक्षक रंजीत कुमार समेत नगर परिषद के कर्मी उपस्थित थे।

### भाई के हत्या में दस माह से फरार चल रहे आरोपित ने बुधवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया

दानापुर नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दियारा के शंकरपुर के रहने वाला भाई के हत्या में दस माह से फरार चल रहे आरोपित ने बुधवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। जिसके बाद आरोपित शाहपुर थाना के शंकरपुर निवासी मनोज राय उर्फ पतरका ने आत्म समर्पण कर दिया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि मनोज राय उर्फ पतरका पिछले करीब 10 माह से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही थी। जिसके बाद उसने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। सनद हो कि विगत 05 अगस्त की रात दियारा के शंकरपुर में नौका बेचने के विवाद को लेकर बड़े भाई मनोज राय उर्फ पतरका ने अपने छोटे भाई बिजली राय(35) को गोली मार दी थी। जिसमें मृतक की पत्नी रिंकू देवी का ब्यान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मनोज राय उर्फ पतरका को नामजद किया था। घटना के बाद आरोपी फरार चल रहा था।

### अधिवक्ता पिता पुत्र के हत्या के विरोध में बुधवार को दानापुर में अधिवक्ताओं ने काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया

दानापुर। नगर के अंतर्गत पिछले दिनों छपरा में हुए अधिवक्ता पिता पुत्र के हत्या के विरोध में बुधवार को दानापुर में अधिवक्ताओं ने काला बिल्ला लगाकर काम करते हुए विरोध में प्रदर्शन किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मिथलेश कुमार यादव ने कहा कि हमलोग डर के छाए में काम करते हैं। जिसको देखते हुए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू की जाए। ताकि निर्भीक होकर हम सभी अधिवक्ता कार्य कर सके। वरीय अधिवक्ता शिव कुमार यादव ने छपरा न्यायालय के बार काउंसिल के अध्यक्ष, सचिव और सभी अधिवक्ताओं से मांग किया कि कोई भी अधिवक्ता हत्या में शामिल अपराधियों की वकालत नहीं करे। इसके साथ ही स्टेट बार काउंसिल और बार काउंसिल ऑफ इंडिया से आग्रह किया की जिस अपराधी ने अधिवक्ता की हत्या की है उसकी कोई अधिवक्ता वकालत नहीं करने का निर्णय ले। बता दें कि 12 जून को छपरा के अधिवक्ता राम अयोध्या प्रसाद और उनके पुत्र सुनील कुमार की बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मौके पर नंद किशोर शर्मा, नरेंद्र सिंह, प्रभु नारायण सिंह, अनिल कुमार, विद्या लक्ष्मी, युधिष्ठिर कुमार, नवाब लाल यादव समेत अन्य थे।

# सरकारी अस्पतालों में लगभग सभी जरूरी दवाएं उपलब्ध

## वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में हो चुकी 83 प्रतिशत दवाओं की आपूर्ति, बाकी की जा रही

- जिला अस्पतालों में औसतन 268 व अनुमंडलीय अस्पतालों में 196 तरह की दवाएं उपलब्ध
- एक महीने में 16 से 27 तरह की दवाएं बढ़ीं, दवाओं की मांग व उपलब्धता में मुंगेर अव्वल

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। स्वास्थ्य विभाग आम लोगों को जरूरी दवाएं सुलभ रूप से उपलब्ध कराने पर लगातार बल दे रहा है। इसका नतीजा है कि अभी सरकारी अस्पतालों में लगभग सभी जरूरी दवाएं उपलब्ध हो चुकी हैं। विभाग ने वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में अब तक 83 प्रतिशत दवाओं की आपूर्ति विभिन्न अस्पतालों को कर दी है और तिमाही समाप्त होने तक बाकी बची दवाओं की आपूर्ति भी हो जाने की उम्मीद है। इसके परिणामस्वरुप अभी जून माह (14 जून तक) राज्य के अनुमंडलीय अस्पतालों में 196 तरह की दवाएं उपलब्ध हैं. ये दवाएं पिछले मई माह में उपलब्ध दवाओं से 16 ज्यादा हैं। इसके अलावा जिला स्तरीय अस्पतालों में भी जून माह में औसतन 268 तरह की दवाएं उपलब्ध हैं, जो पिछले महीने से 27 ज्यादा है।

**दवाओं की मांग और उपलब्धता में मुंगेर प्रमंडल आगे**

राज्य में सरकारी अस्पतालों में दवाओं की मांग और औसतन उपलब्धता के मामले में मुंगेर प्रमंडल सबसे आगे है। सरकारी अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता के सम्बन्ध में हाल में हुई समीक्षा बैठक में जारी दस्तावेजों में दर्ज आंकड़ों के अनुसार, मुंगेर प्रमंडल के लखीसराय के जिला अस्पताल में 347 तरह की दवाएं उपलब्ध हैं। मुंगेर जिला के अनुमंडलीय और प्रखंड स्तरीय सरकारी अस्पतालों में क्रमशः करीब 253 और 238 तरह की दवाएं उपलब्ध हैं। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के मामले में भी मुंगेर प्रमंडल का लखीसराय जिला आगे है और यहाँ 93 तरह की दवाएं उपलब्ध हैं।

**दवाओं की मांग के लिए है समय निर्धारित**

उल्लेखनीय है कि राज्य में सभी प्रकार के स्वास्थ्य केंद्रों के द्वारा दवाओं की मांग के लिए समय निर्धारित है, जो प्रत्येक तिमाही के 1 से 10 तारीख तक निर्धारित है। आवश्यक दवाओं की श्रेणी में दवा, कंज्यूमेबल और सर्जिकल आइटम आदि शामिल रहते हैं।

# बारिश के लिए छोटी पटनदेवी मंदिर में किया हवन पूजन का अनुष्ठान



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पारा 40 डिग्री से ऊपर है। सूर्य की तपिश के साथ ही लू के थपेड़े लोगों को परेशान किए हुए है। उस पर से बिजली की आंख-मिचौनी और लो वोल्टेज ने भी लोगों को बेहाल कर रखा है। ऐसे में अब लोगों का एकमात्र आसरा इंद्र भगवान पर टिका है। अब लोगों ने बारिश होने के लिए हवन-पूजन का देवी-देवताओं को खुश करने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में बारिश के लिए शक्तिपीठ श्री छोटी पटनदेवी मंदिर में हवन-पूजन का अनुष्ठान किया गया। आचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी की देखरेख में धार्मिक अनुष्ठान किया गया। बाबा विवेक द्विवेदी ने बारिश के लिए हवन पूजन कराया। अनुष्ठान में मनोज गुप्ता, संजीव कुमार यादव, वरुण कुमार वर्मा, गोविंद कानोडिया, परमहंस तिवारी, राजेश कुमार सिंह, श्रीनिवास, रंजीत यादव, राजकुमार सोनी, डॉ मनोज केसरी, रविशंकर प्रसाद, प्रदीप यादव, ऋषिकेश कुमार, नीतू द्विवेदी, शोभा श्रीवास्तव, राणा साधना सहित अन्य लोग शामिल थे। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान में बारिश की कामना भी की गई।

# निगमायुक्त ने जलजमाव से बचाने को पार्षदों के साथ की बैठक

## पार्षदों ने गिनायी समस्या, ईओ को दिए गए निर्देश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पटना नगर निगम के सिटी व अजीमाबाद अंचल के वार्ड पार्षदों के साथ निगमायुक्त अनिमेष पराशर ने पार्षदों के साथ बुधवार को बैठक की। इसमें मौजूद पार्षदों ने जलजमाव व वार्ड में सफाई के साथ अन्य समस्याओं से निगमायुक्त को अवगत कराया। बैठक की अध्यक्षता उपमहापौर रेश्मी चंद्रवंशी ने की। निगमायुक्त ने बताया कि शहर में जल निकासी सही तरीके से हो और जलजमाव की समस्या नहीं हो, इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में पार्षदों की ओर से अनेक सुझाव भी दिए गए। दिए गए सुझाव को निगमायुक्त और मौजूद अजीमाबाद एवं सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा नोट किया गया। साथ ही कहा गया कि निलेश सुझाव पर स्थलीय निरीक्षण कर उसे पर कार्य कराया जाएगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जलजमाव वाले क्षेत्र में मोटर लगाया जाए। इसके अलावा खराब वाहन को ठीक कराने और सैदपुर नहर के उड़ाही की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित निगम के अजीमाबाद अंचल के ईओ श्रेया कश्यप और सिटी अंचल के आशुतोष कुमार ने नाला उड़ाही से जुड़े मामलों में निगमायुक्त व पार्षदों को अवगत कराया। बैठक में बैठक में पार्षद तरुणा राय, गायत्री गुप्ता, शोभा देवी, संध्या यादव, कांति देवी, नीलम कुमारी, किरण मेहता, डॉ आशीष कुमार सिन्हा, मनोज कुमार उर्फ मुन्ना जायसवाल, विनोद कुमार, फैजुर रहमान, सतीश कुमार, इंद्रदीप चंद्रवंशी, पूर्व पार्षद बलराम चौधरी व महमूद कुरैशी के साथ अन्य पार्षद प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बालिका का आपरेशन कर पेट से निकाला बाल का गुच्छा



- बचपन से बाल खाने की थी आदत, पेट दर्द व उल्टी होने पर हुई भर्ती

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

एनएमसीएच के सर्जरी विभाग में डॉ पीडी वर्मा की यूनिट में भर्ती बालिका का ऑपरेशन कर पेट से बाल का गुच्छा बुधवार को निकाला गया है। समस्तीपुर के मोहद्दीनगर के रहने वाले सूरज कुमार महतो के 11 साल की पुत्री को बाल खाने की आदत थी। उसे जब पेट दर्द, उल्टी और अन्य शिकायत हुई, तब परिजन उसे लेकर नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल दिखाने के लिए सात जून को आए। यहां सर्जन डॉ पीडी वर्मा की यूनिट में उसे भर्ती कर लिया गया। बालिका का आपरेशन कर पेट से बाल का गुच्छा निकाला गया है। सर्जन डॉ पीडी वर्मा के नेतृत्व में आपरेशन में शामिल टीम में डॉ अमित कुमार, डॉ अलख नारायण, डॉ सूरज कुमार, डॉ स्वाति कुमारी और निश्चेतना विभाग के डॉ प्रदीप कुमार तिवारी, डॉ हेमंत कुमार झा, डॉ मिथिलेश कुमार और डॉ विवेक कुमार शामिल थे। ओटी इंचार्ज नजराना वारसी का भी सहयोग रहा।

चिकित्सकों ने बताया कि परिजन बच्ची को लेकर उपचार के लिए ओपीडी में आए थे। वहीं जांच में यह पता चला कि पेट में बाल का गुच्छा है। इसके बाद आपरेशन कर उसे निकाला गया। बच्ची अस्पताल में भर्ती है और स्वस्थ है। ठीक होने के बाद उसे घर भेजा जाएगा। इस तरह के सफल ऑपरेशन होने पर कॉलेज की प्राचार्या प्रोडॉ उषा कुमारी, अधीक्षक प्रोडॉ अलका सिंह एवं उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने भी खुशी जताते हुए टीम को बधाई दी है।

# आपरेशन के बाद स्वास्थ्य लाभ कर रहे विस अध्यक्ष नंदकिशोर

प्रात :किरण संवाददाता



बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव फिलहाल स्वास्थ्य लाभ अपने सरकारी आवास पर कर रहे हैं। पेट में पथरी होने के कारण वह असहज महसूस कर रहे थे। इस दौरान उनका ऑपरेशन अगमकुआं-छोटी पहाड़ी रोड स्थित एक बड़े निजी नर्सिंग होम में बीते शनिवार को हुआ था। इसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें डिस्चार्ज कर दिया। फिलहाल में अपने सरकारी आवास पर स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। उनके पुत्र सह भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक नितिन कुमार रिंकू और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा ने बताया कि फिलहाल चिकित्सकों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है।

हालांकि इस बीच में उन्होंने अपने कायालीय कार्य का भी निष्पादन किया है। इस दौरान उन्होंने चार विधायक के सांसद के रूप में चुने जाने के बाद दिए गए त्यागपत्र को उन्होंने स्वीकार भी किया है। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र से जुड़े दिनेश पटेल, किरण शंकर, रंजीत सिन्हा, डॉ एसए कृष्णा, मोहन चतुर्वेदी, डॉ सिकंदर अली, डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ प्रवीण कुमार, संजीव यादव, अमित कनोडिया, राजेश साह, प्रदीप काश, बलराम मंडल आदि ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# अधिवक्ताओं ने लगाया काला बिल्ला लगा जताया विरोध

## बिहारबार काउंसिल के निदेश पर किया गया कार्यक्रम



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

छपरा में पिता-पुत्र दोनों अधिवक्ताओं की हत्या गोली मार तब कर दी गई थी, जब दोनों बाइक से घर से कोर्ट को जा रहे थे। इस घटना के विरोध में बिहार बार काउंसिल के आह्वान पर बिहार में अधिवक्ताओं को बुधवार को काला बिल्ला लगा कर काम करने का निर्देश दिया गया था। इसी कड़ी में पटना सिटी अधिवक्ता संघ की ओर से गायघाट स्थित व्यवहार न्यायालय में अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व अन्य पदाधिकारी एवं अधिवक्ताओं ने काला बिल्ला लगा कर कोर्ट का काम किया।

साथ ही विरोध प्रदर्शन भी किया। इसमें पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव गोविन्द कानोडिया, सहायक सचिव अनुज प्रसाद, राजकिशोर पंडित, उमेश प्रसाद, शिलाजीत शरण, घनश्याम तिवारी, विजय प्रसाद, प्रेम लता, नीलम कुमारी, मधु कुमारी, राजीव रंजन उर्फ रिंकू आदि शामिल थे। साथ ही वरीय अधिवक्ताओं में रामबाबू, मनोज कुमार, राम कुमार, दिलीप कुमार झा, डॉ प्रदीप गुप्ता, मोहित कुमार, प्रदीप काल, डॉ राकेश कुमार, उज्जवल सागर, अभिषेक कुमार, अजय साह, प्रमोद गुप्ता, राकेश कुमार, महासचिव अशोक कुमार, अवधेश कुमार, दीपक कुमार गुप्ता, धनुषधारी सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, हेमलता शर्मा, प्रमिला श्रीवास्तव, रघुवीर राय, सत्येंद्र मिश्रा आदि ने घटना पर शोक जताते हुए गिरफ्तारी की मांग की है।

# बच्चों के साथ केक काट राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा विभाग की ओर से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। युवा दिलों की धड़कन पटना साहिब में कांग्रेस कार्यकताओं ने मोर्चा रोड में 54वां जन्मदिन मनाया। कार्यालय में बच्चों के साथ केक काटकर मनाया। बच्चों व आमजनों के बीच मिठाइयां बांटी गई। बच्चों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से कॉपी, कलम का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में डॉ विनोद अवस्थी ने कहा कि राहुल गांधी की पैदल यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा ऐतिहासिक कदम था। इसी के परिणाम में नफरत को जड़ से मिटाया गया। कार्यक्रम में अभय जायसवाल, डॉ विनोद अवस्थी, डॉ तुषार आर्य, जयदीप, रतन मेहता, फकीरा यादव, मनीष गौतम मिश्रा, रामेश्वर पासवान, पंकज रजक, अमित जायसवाल आदि शामिल थे। दूसरी ओर एक अन्य कार्यक्रम में बच्चों के बीच केक काट कर वितरण किया गया। उपस्थित में अशोक यादव, उमेश गुप्ता, रघु साहू, सतीश यादव, सुधा कुमारी आदि मौजूद थे।

# फाइव स्टार शादी व धोखा के चक्कर में फंसी प्रियंका व बच्चे की जिंदगी

## औरंगाबाद कोर्ट ने दोषी करार देते हुए ज्ञान रंजन की गिरफ्तारी वारंट जारी किया है

- कोरोना काल से लापता पति की तलाश में खाक छान रहे स्वजन व पुलिस

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। पटना के रूपसपुर थाने में शादी और धोखे का एक ऐसा हृदय विदारक मामला सामने आया है जिसमें एक पीड़िता और उसके 13 साल के मासूम बच्चे का पूरा भविष्य अंधकार में डूबता नजर आ रहा है। खास बात यह है कि इस फाइव स्टार शादी के मामले का सिरा पहले मुंबई फिर छत्रपति संभाजी नगर (औरंगाबाद), महाराष्ट्र से रांची होते हुए पटना तक पहुंचा है। दरअसल, रूपसपुर थाना क्षेत्र के गोला रोड स्थित कुसुमपुरम कॉलोनी के सनराइज साईं अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर 104बी में रहने वाले केदार प्रसाद चौधरी के बेटे ज्ञान रंजन चौधरी के खिलाफ चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट औरंगाबाद ने आईपीसी की धारा 354डी, 419 और 501 के तहत साइबर अपराध के मामले में गिरफ्तारी का वारंट जारी किया है, जिसे लेकर पीड़िता प्रियंका ज्ञान रंजन चौधरी की मां औरंगाबाद से खुद चलकर रूपसपुर थाने पहुंची हैं। साथ ही पीड़िता ने आरोपी ज्ञान रंजन चौधरी के खिलाफ बीते पांच मार्च को रूपसपुर थाने में सानिहा भी दर्ज कराया है। छत्रपति संभाजी नगर, महाराष्ट्र की रहने वाली पीड़िता प्रियंका ज्ञान रंजन चौधरी ने रूपसपुर थाने में दिए अपने शिकायत पत्र में बताया है कि 29 मई 2010 को उनकी शादी केदार प्रसाद चौधरी के बेटे ज्ञान रंजन चौधरी से उनके पैतृक आवास छत्रपति संभाजी नगर में पूरे रीति रिवाज के साथ दोनों परिवारों और सैंकड़ों मेहमानों की उपस्थिति में हुई। ज्ञान रंजन चौधरी मूल रूप से नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र के हुसैनपुर गांव के रहने वाले हैं जबकि उनका वर्तमान पता रूपसपुर थाना क्षेत्र के गोला रोड स्थित कुसुमपुरम कॉलोनी के सनराइज साईं अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर 104बी है। शादी के बाद वो अपने पति ज्ञान रंजन चौधरी के साथ अरसन्डे लेन, कांके, रांची झारखंड में रहने लगीं, लेकिन शादी के महज 15 दिनों बाद ही ज्ञान रंजन चौधरी और उनके परिजन दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। इतना ही नहीं, एक साल के भीतर ही प्रियंका को घर से निकाल दिया तब वह गर्भवती भी थीं। इसके बाद प्रियंका अपने माता-पिता के घर छत्रपति संभाजी नगर रहने चले गईं, जहां 24 नवंबर 2011 को उन्होंने एक बेटे को जन्म दिया। तब से अब तक उनकी और उनके बेटे के पालन पोषण और पढ़ाई लिखाई का पूरा खर्च प्रियंका के रिटायर्ड पिता उठा रहे हैं। इतना ही नहीं, प्रियंका के मुताबिक उनके पति ज्ञान रंजन चौधरी ने साल 2017 में उनके आचरण पर सवाल उठाकर दावा पेश किया। ज्ञान रंजन चौधरी पर औरंगाबाद के फैमिली कोर्ट में घरेलू हिंसा, पत्नी और बच्चों के मेंटेनेंस समेत साइबर अपराध के मामले भी चल रहे हैं। इसी बीच कोरोना काल को लेकर ज्ञान रंजन चौधरी औरंगाबाद कोर्ट के समक्ष पेश नहीं हुए और तब से अब तक लापता है। ज्ञान रंजन के घर वाले उनके संबंध में किसी प्रकार की जानकारी साझा नहीं कर रहे हैं। उनके पिता केदार प्रसाद चौधरी का कहना है कि उनका अपने बेटे ज्ञान रंजन चौधरी से कोई लेना-देना नहीं है। प्रियंका के मुताबिक ज्ञान रंजन चौधरी पर उनका और उनके बेटे के मेंटेनेंस का लगभग 7 से 8 लाख रुपया बकाया है। बीते 30 जून को ज्ञान रंजन के खिलाफ कोर्ट ने एनपीडब्लू भी जारी किया है। वहीं, प्रियंका की माता जी के मुताबिक रूपसपुर थाना पुलिस और पटना के सिटी एसपी पश्चिम के द्वारा मामले में उन्हें काफी सहयोग मिल रहा है। उनका कहना है कि पुलिस लगातार इस मामले में कार्रवाई करने में जुटी है और ज्ञान रंजन चौधरी को ढूंढने के लिए उनके घर समेत कई स्थानों पर दबिश भी डाली है। प्रियंका रंजन चौधरी की माता के मुताबिक पटना के रूपसपुर थाने में इसी माह 5 जून को ज्ञान रंजन चौधरी, उनके पिता केदार प्रसाद चौधरी, उनके भाई एवं बहन समेत परिवार जनों के साथ पुलिस की उपस्थिति में समझौता को लेकर बैठक भी हुई, जिसमें ज्ञान रंजन चौधरी के पिता ने मामले में समझौता करने की इच्छा विधायक की और बताया कि 18 जून को होने वाली पेशी में प्रियंका चौधरी को उनके मेंटेनेंस का खर्च दे दिया जाएगा लेकिन 18 जून बीत गया और आरोपी पक्ष की ओर से किसी तरह की पहल नहीं की गई। हालांकि प्रियंका और उनके परिजनों ने कहा है कि उन्हें महाराष्ट्र पुलिस तथा बिहार पुलिस पर पूरा भरोसा है और उन्हें उम्मीद है कि इस मामले में पुलिस जल्द से जल्द कार्रवाई कर ज्ञान रंजन चौधरी को उसकी किए की सजा दिलाएगी। इसके साथ ही प्रियंका ज्ञान रंजन चौधरी की मां ने आम लोगों से भी विनती की है कि अगर ज्ञान रंजन चौधरी के संबंध में कोई भी जानकारी मिलती है तो रूपसपुर थाने को सूचित करने की कृपा करें।

# वित्तीय अनियमितता पर रोक लगाकर सौहार्दपूर्ण माहौल में करें कार्य : एसडीएम

प्रात :किरण संवाददाता

बेनीपुर (दरभंगा)। अनुमंडल कार्यालय बेनीपुर में एसडीएम शंभूनाथ झा की अध्यक्षता में ईओ दीपक कुमार, चेयरमैन मो अकबाल, डिप्टी चेयरमैन राजीव कुमार ठाकुर, सशक्त स्थाई समिति के सदस्य राजीव लोचन ठाकुर, योगी पासवान से घंटों वार्ता हुई। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक एसडीएम ने कहा ईओ तथा मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद को आपसी सामंजस्य बनाकर नियमानुसार कार्य करें। वित्तीय गड़बड़ी किसी भी हाल में नहीं होने दें। आपसी विवाद में नगर परिषद की जनता की समस्या प्रभावित नहीं होना चाहिए। शहर के चौक-चौराहों एवं मुहल्ला की साफ-सफाई सुबह-शाम अनिवार्य रुप से सफाई हो एजेंसी के साथ कड़ाई पेश आकर करावें। इधर मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम शंभूनाथ झा ने ईओ, मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद, सशक्त स्थाई समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर इस मामले को सुलझाने का अथक प्रयास किया। बेनीपुर एसडीपीओ आशुतोष कुमार ने इस मामले को गंभीरता से लेकर ईओ की सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने में जुट गए हैं। जानकार सूत्रों के मुताबिक गत 11 जून को चेयरमैन, डिप्टी चेयरमैन और कुछ सशक्त स्थाई समिति सदस्य ने ईओ पर मनमाना कार्य करने के लिए दबाव बनाने के दौरान कहा-सुनी हो गया और तरह-तरह की धमकी ईओ को दिया गया। ईओ मनमाना कार्य नहीं करने पर डटे रहे। अपने को असुरक्षित महसूस कर ईओ ने कार्यालय आना छोड़ दिया तथा 13 जून को डीएम, एसएसपी, एसडीएम, एसडीपीओ को आवेदन भेजकर मुख्य पार्षद, उपमुख पार्षद सहित सशक्त स्थाई समिति के सदस्यों से अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में कहा गया कि मेरे खिलाफ शहर वासियों को भड़काकर धरना-प्रदर्शन करवाने की भी धमकी दी है। कार्यालय में बंधक बनाने आदि का धमकी दिया गया। नप कार्यालय में लगा सीसी कैमरा के फूटेज की जांच में मामला सामने आ जाएगा।

जानकार बताते है कि नप क्षेत्र में साफ-सफाई के कार्य की सशक्त स्थाई समिति द्वारा मनमाने ढ़ंग से राशि बढ़ा दी गई, लेकिन सफाई की गुणवत्ता कार्य घटा दी गई। सरकारी राशि की जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। इस मामले को लेकर ईओ ने सफाई एजेंसी पर कड़ा रुख अख्तियार किया, तो मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद एवं कुछ सशक्त स्थाई समिति के सदस्यों ने ईओ के खिलाफ जंग छेड़ दिया है।

मुख्य पार्षद मो अकबाल ने उक्त आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह आरोप पूरी तरह निराधार है। नप के कार्यपालक अधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि दिए गए आवेदन में शत प्रतिशत सही बात कही गई है। उनके साथ जो घटना हुआ वही आवेदन में लिखा गया है।

# मृतक के परिजनों को बीडीओ व सीओ ने दिया सहायता राशि का चेक

प्रात :किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। अग्नि कांड से पीड़ित एवं बाढ़ के पानी मे डूबने से हुई मौत मामले में मृतक के परिजन को सीओ गोपाल पासवान एवं बीडीओ किशोर कुमार ने संयुक्त रूप से चेक दिया। प्राप्तजानकारी के अनुसार केवटगामा पंचायत के दिघीयापर के मृतक देव कुमार की मां संगीता कुमारी, रामपुर रौता के मृतक ललन पंडित की मां रामदाई देवी, आयुष कुमार की मां काजल देवी तथा अमित कुमार के आश्रित मंजू कुमारी को सहायता राशि का चार-चार लाख रुपए का चेक दिया। बता दे की उक्त मृतक को विगत 3 वर्षों से अलग-अलग तिथि में डूबने से मौत हुई थी जिनके आपदा प्रबंधन विभाग से मिलने वाली सहायता राशि का विभिन्न कारणों से लंबित था जिसे मंगलवार को सीओ श्री पासवान एवं बीडीओ श्री कुमार ने कार्यालय कक्ष में चेक दिया है। वही दूसरी ओर अग्निकांड से पीड़ित परिवार फकदोलिया गांव निवासी आशा देवी को 12000 हजार का सहायता राशि का चेक सीओ ने दिया। मौके पर केवटगामा पंचायत के सरपंच बबन दास सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# नालंदा विश्वविद्यालय का उद्घाटन समरोह : पीएम मोदी, राज्यपाल आर्लेकर, सीएम नीतीश सहित कई दिग्गज रहें मौजूद



गया अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।



पीएम नरेंद्र मोदी ने नालंदा विवि के नए परिसर का किया उद्घाटन, राज्यपाल आर्लेकर व सीएम नीतीश रहें मौजूद।




अन्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ पीएम मोदी, राज्यपाल आर्लेकर, सीएम नीतीश व अन्य।



1600 साल पुराने नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर का अवलोकन करते पीएम मोदी

## पीएम मोदी ने किया बिहार की ज्ञान और मेधा परंपरा को पुनर्स्थापित : सम्राट

**नालंदा विश्वविद्यालय का पुनर्निर्माण कर रही है एनडीए सरकार**

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि नालंदा बिहार की एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, गौरव है, गाथा है। नालंदा उद्घोष है इस सत्य का कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकती है। श्री चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन कर भारतीयता के नवजागरण के नव्य प्रतीक, प्राचीन धरोहर को न केवल संरक्षित किया है बल्कि बिहार के खोये गौरव के साथ ही यहां की ज्ञान और मेधा परंपरा को भी पुनर्स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय परिसर दुनिया का सबसे बड़ा नेट-जीरो कैंपस होगा। एनडीए सरकार में विरासत को लेकर बिहार को विकसित किया जा रहा है। नालंदा विश्वविद्यालय के प्राचीन गौरव की पुनर्स्थापना इसका जीवंत उदाहरण है। ऐतिहासिक नालंदा विश्वविद्यालय को एक समय में बर्बर विदेशी आक्रांता ने बर्बाद करने की पुरजोर कोशिश की, लेकिन एनडीए सरकार इसे पुनर्जीवित कर बिहार के वैभव को पुनः वापस दिलाने के लिए संकल्पित है। श्री चौधरी ने कहा कि विरासत के संरक्षण के साथ ही आधारभूत संरचना का विकास ही समग्र विकास है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की प्राथमिकता आधारभूत संरचना के साथ ही भारतीय विरासत और गौरव को पुनर्स्थापित करना भी है। कोई भी समाज अपने अतीत के गौरव के गर्व के साथ ही सिर उठा कर जी सकता है।

## नीतीश कुमार के प्रयासों से नालंदा विश्वविद्यालय की पुर्नस्थापना का सपना पूरा हुआ : उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि 800 वर्षो की लंबी प्रतीक्षा के बाद नालंदा विश्वविद्यालय की पुर्नस्थापना का सपना साकार हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वर्ष 2006 से नालंदा विश्वविद्यालय को नए रूप में विकसित करने के लिए संकल्पबद्ध थे। केंद्र में एनडीए की सरकार बनने के बाद नीतीश कुमार के प्रयासों को नई ताकत मिली। जिसका नतीजा है कि आज नालंदा विश्वविद्यालय अपने पुराने गौरव को समेटे हुए नया स्वरूप ले चुका है। श्री कुशवाहा ने कहा कि विश्वविद्यालय भवन निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा 455 एकड़ भूखंड मुहैया कराई गई। साथ ही नया कानून बनाकर आ रही बाधाओं को भी दूर करने का प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रतिबद्धता और सफल नीतियों की परिणति है कि नए कैंपस का निर्माण कार्य ससमय पूरा हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि नालंदा विश्वविद्यालय शिक्षा के दीप से पूरे विश्व को प्रकाशित करने में सफल होगा और आधुनिक युग के शैक्षिक जरूरतों को भी पूरा करेगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय की पुर्नस्थापना से वैश्विक पटल पर बिहार के गौरवशाली इतिहास को नया आयाम हासिल होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विगत 18 वर्षो में समावेशी विकास के साथ-साथ पौराणिक विरासत को भी सहेजने और सँवारने का काम किए हैं। बिहार में डबल इंजन की एनडीए सरकार प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है एवं बिहार अपनी खोई हुई पहचान को पुनः हासिल करने के लिए तेजी से अग्रसर है।

## वर्ल्ड फूड इंडिया की वेबसाइट तथा मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ

- केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने किया शुभारंभ

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोजपा रा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में आगामी मेगा फूड इवेंट वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान वर्ल्ड फूड इंडिया की वेबसाइट तथा मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ किया। आगे श्री चिराग ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पहले हम लोग वेस्टेज को हम लोग कम करें,पेरिशेबल आइटम्स है,सब्जी है, फल है, इन तमाम चीजों को अलग-अलग माध्यम से,भले वो कोल्डस्टोर के माध्यम से हमलोग वेस्टेज को एकदम मिनिमाइज कर सके। वैल्यू एडिशन हम लोग कैसे कर सके? मेरा हमेशा से मानना रहा है कि जहां पर उत्पादन हो रहा है, अगर वहीं पर ही अगर प्रोसेसिंग यूनिट हो, वहीं पर उसकी पैकेजिंग बेहतर हो जाए, उसका हम लोग मार्केट कर पाए, तो किसानों को स्वाभाविक है कि इसका ज्यादा लाभ होगा। अगले पांच साल में इसी दिशा में हमारा मंत्रालय कार्य करेगा। हाइजीन मेंटेनेंस एक बहुत बड़ी चीज है। क्वालिटी चेक हमेशा रहे। क्वालिटी कंट्रोल रहे और वर्ल्ड स्टैंडर्ड को हमलोग मीट कर सके, यह भी अगले पांच सालों में हम लोगों की प्राथमिकता रहेगी। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि राज्य मंत्री खाद्य प्रसंस्करण उद्योग सह रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी मौजूद थे।

## बिहार के गौरव पुनः स्थापित कर रहे हैं नमो-नीतीश:राजीव

**बोलें-मानव सभ्यता की अमूल्य धरोहर है नालंदा विश्वविद्यालय**

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



नालंदा विश्वविद्यालय के परिसर के उद्घाटन के हुए उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार प्रकट करते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि नालंदा विश्वविद्यालय केवल देश का ही नहीं बल्कि मानव सभ्यता की अमूल्य धरोहर है। जब पूरी दुनिया में विश्विद्यालयों का निर्माण प्रारंभ हुआ था उससे भी 600 साल पहले नालंदा विश्वविद्यालय में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से चल रहे थे। कालांतर में भारत के वैभव और ज्ञान परंपरा से जलने वाले आक्रमणकारियों ने इसका विध्वंस कर दिया था, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे फिर से मूर्त रूप देकर प्रत्येक बिहारवासी के सपने को साकार किया है। आज इसके परिसर का उद्घाटन कर के नमो-नीतीश ने बिहार के गौरव की पुनरू स्थापना की है। इसके लिए हर बिहारवासी उनका आभारी रहेगा। नालंदा विश्वविद्यालय के महत्व के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि जिस वक्त पूरी दुनिया अंधकार के दौर में थी भारत में नालंदा विश्वविद्यालय ज्ञान का दीप जलाए हुए थी। इस विश्वविद्यालय में तकरीबन 10,000 विद्यार्थी और 2000 अध्यापक थे। उस समय यहां भारत ही नहीं बल्कि कोरिया, जापान, चीन, तिब्बत, इंडोनेशिया, ईरान, ग्रीस, मंगोलिया आदि अन्य देशो के छात्र पढ़ने के लिए आते थे। इस विश्वविद्यालय में चयन मेरिट के आधार पर होता था और निःशुल्क शिक्षा दी जाती थी। साथ ही उनका रहना और खाना भी पूरी तरह निःशुल्क होता था। उस समय यहां लिटरेचर, एस्ट्रोलॉजी, साइकोलॉजी, लॉ, एस्ट्रोनॉमी, साइंस, वारफेयर, इतिहास, मैथ्स, आर्किटेक्टर, भाषा विज्ञानं, इकोनॉमिक, मेडिसिन आदि कई विषय पढ़ाएं जाते थे। स समय यहां लिटरेचर, एस्ट्रोलॉजी, साइकोलॉजी, लॉ, एस्ट्रोनॉमी, साइंस, वारफेयर, इतिहास आदि विषय पढाये जाते थे। इसी से इसकी समृद्धि का पता चलता है। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित परिसर में 40 कक्षाओं वाले दो शैक्षणिक ब्लॉक हैं। इन शैक्षणिक ब्लॉक में बैठने की कुल क्षमता लगभग 1900 है। इसमें 300 सीटों की क्षमता वाले दो सभागार हैं। इसमें लगभग 550 छात्रों की क्षमता वाला एक छात्रावास है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, 2000 व्यक्तियों तक की क्षमता वाला एम्फीथिएटर, फैकल्टी क्लब और खेल परिसर सहित कई अन्य सुविधाएं भी हैं। इसके अलावा यह परिसर एक नेट जीरो ग्रीन कैंपस है। यहां सोलर प्लांट, पीने योग्य पानी के लिए वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, वॉटर रीसाइक्लिंग प्लांट लगाने के साथ 100 एकड़ जल निकाय और कई पर्यावरण अनुकूल सुविधाओं का विकास किया गया है।

## सदाकत आश्रम में धूमधाम से मना राहुल गांधी का जन्म दिन



- राहुल संसद में इंडिया गठबंधन का करें नेतृत्व : अखिलेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्म दिन बुधवार को प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एकत्रित सैकड़ों कार्यकताओं और नेताओं के बीच प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने राहुल गंधी के फोटो को केक काटकर जन्म दिन मनाया। पार्टी के प्रदेश अध्यख अखिलेश सिंह ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि लोकसभा चुनाव के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि मोदी की विश्वसनीयता धूल चाट रही है वहीं राहुल गाँधी जी की विश्वसनीयता का परचम पूरे देश में लहरा रहा है। हम अंक गणित में जरूर पिछड़ गये लेकिन (जनता के साथ) केमिस्ट्री बिछाने में अब्बल रहे। उनके विचार जिस तरह जनमानस की भावनाओं को उद्वेलित करने लगी है उससे साफ होता जा रहा है कि राहुल जी देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। और हम चाहते हैं कि राहुल जी नेता प्रतिपक्ष के तौर पर संसद में इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करें। मीडिया द्वारा राहुल गाँधी के प्रधानमंत्री बनने की संभावना के बारे में पूछे गये सबाल पर डा सिंह ने कहा कि यह अवश्यंभावी है। राहुल जी को प्रधानमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता। डा सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नालन्दा विश्वाविद्यालय परिसर के उद्घाटन के लिए बिहार दौरे पर चुटकी ली। उन्होंने कहा कि मोदी को प्राचीन भारत का इतिहास पढ़ना चाहिए। नालन्दा विश्वविद्यालय पूरे विश्व के लिए शिक्षा का केन्द्र रहा है। ठीक उसी तरह जैसे आज आक्सफोर्ड, कैम्ब्रीज एवं हाबार्ड विश्वविद्यालय है। लेकिन मोदी जी के साथ समस्या है कि काम की बात करना वो नहीं जानते। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बहुत पहले से मांग करते आ रहे हैं कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाए। लेकिन मोदी जी को बिहार की सूध नहीं है। उनको चाहिए कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा ददें तब मैं भी धन्यवाद करूंगा। घूम-घूम कर फीता काटने से समाज का भला नहीं होगा। इस अवसर पर बच्चों में मिठाइयाँ और केक बांटी गयी और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी की दीघार्यू होने की कामना की गई। इस मौके पर उपस्थित नेताओं में शामिल हैं पूर्व विधान पार्षद प्रेमचन्द्र मिश्रा, विधायक राजेश कुमार, डा समीर कुमार सिंह, लाल बाबू लाल, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, संजय पाण्डेय, कमलदेव नारायण शुक्ला, शशिकांत तिवारी, गप्पू राय, राज किशोर सिंह, संतोष श्रीवास्तव, आशुतोष शर्मा, निधि पाण्डेय, सुदय शर्मा, रवि गोल्डन, अश्विनी कुमार, प्रद्युम्न यादव, असफर अहमद, कैसर खान, विमलेश तिवारी, सुनील कुमार सिंह, राहुल पासवान, अनूप कुमार, विश्वनाथ बैठा, सत्येन्द्र कुमार सिंह, मनीष सिन्हा, यशवंत कुमार चमन, आदित्य कुमार पासवान,राजनन्दन कुमार, शारीफ रंगरेज इत्यादि।

## नवनिर्वाचित सांसद सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक राजू तिवारी की अध्यक्षता में पार्टी के बिहार प्रदेश कार्यालय कृष्णापुरी में आगामी 29 जून को आयोजित श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान सहित पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए श्री राजू तिवारी ने कहा कि पार्टी ने पांच सीटों पर चुनाव लड़ी और पांचो की पांचो सीटें जीती, यह आप सभी पार्टी के कार्यकताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों के कठिन परिश्रम का ही फल है। आपलोगों ने पार्टी के लिए ईमानदारी से समर्पित होकर कार्य किए हैं। मैं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते पार्टी की हुई ऐतिहासिक जीत को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं और आप लोगों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। आज के बैठक का मुख्य उद्देश्य है पार्टी के सभी नवनिर्वाचित सांसदों के साथ-साथ, आप सभी कार्यकताओं के सम्मान के लिए सम्मान समारोह होना अति आवश्यक है, इसी को लेकर 29 जून को सम्मान समारोह आयोजित की जाएगी। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान, संसदीय बोर्ड अध्यक्ष हुलास पांडे, चुनाव अभियान प्रभारी सह सम्मान समारोह प्रभारी सुरेंद्र विवेक, प्रचार प्रसार प्रमुख संजय सिंह, महिला सेल अध्यक्ष शोभा सिंहा पासवान, लेबर सेल अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, किसान प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, अति पिछड़ा प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार, चिकित्सा प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार, अधिवक्ता अध्यक्ष पंचायती राज अध्यक्ष इंदिरा देवी, बुद्धिजीवी प्रदेश अध्यक्ष नलिन विलोचन सहित पार्टी के मेन विंग सभी जिला अध्यक्षों मौजूद थे।

## भाजपा नेता जगरनाथ गुप्ता पर हमला करने वाले की हो गिरफ्तारी : राजू गुप्ता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा व्यवसाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता ने भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं रामकृष्ण द्वारका महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जगन्नाथ गुप्ता पर हुए हमले को निंदा की है। उन्होंने पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक से अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी एवं प्रो जगन्नाथ गुप्ता की सुरक्षा की मांग करता की है। उन्होंने कहा उन्होंने कहा कि डॉ जगन्नाथ गुप्ता एक शिक्षा मंदिर के प्राचार्य हैं उनके साथ एक छात्रा द्वारा दी गई धमकी और हमले की कोशिश गुरु शिष्य परंपरा को कलंकित करता है इसकी जितनी भी निंदा की जाए वह काम होगा। भाजपा व्यवसाय प्रकोष्ठ के संयोजक राजू गुप्ता ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी विजय कुमार सिन्हा और डीजीपी बिहार से आग्रह किया है की इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इस घटना के दोषियों पर उचित कार्रवाई करते हुए डॉक्टर गुप्ता को उचित सुरक्षा मुहैया कराई जाय।

## महिला कर्मियों के साथ यौन उत्पीड़न मामले की उच्चस्तरीय जांच हो : माले

- पीड़िताओं को न्याय नहीं मिलता तो भाकपा-माले, आइसा व ऐपवा करेगा आंदोलन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाकपा माले नेताओं ने मुजफ्फरपुर में एक चिट फंड कंपनी की महिला कर्मियों के साथ जघन्य यौन उत्पीड़न मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही कहा है कि जांच के दायरे में राजनीतिक संरक्षण व प्रशासनिक मिलीभगत को भी लाया जाना चाहिए। पटना में बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में शशि यादव, संदीप सौरभ के अलावा ऐपवा की बिहार राज्य सचिव अनीता सिन्हा, आइसा के बिहार राज्य सचिव सबीर कुमार व अध्यक्ष प्रीति कुमारी भी उपस्थित थे। माले नेताओं ने कहा है कि रोजगार के नाम पर बड़ी संख्या में लड़कियों को झांसा देकर नेटवर्किंग कंपनी से जोड़ने और उनके साथ मारपीट तथा यौन हिंसा किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय थाना की भूमिका बेहद शर्मनाक रही जब एक उत्पीड़ित महिला का केस दर्ज करने से उसने मना कर दिया था। बहरहाल अब मामला सामने आ चुका है! मुजफ्फरपुर में शेल्टर होम कांड के बाद दूसरा सेक्स स्कैंडल सामने आया है जिसके तार बिहार से लेकर यूपी तक जुड़े हैं। रोजगार के नाम पर युवतियों के साथ भयानक खेल खेला गया है। ऐसे मामले बार बार सामने आए। थाने में शिकायतें पहुंची लेकिन लोगों को फटकार का भगा दिया गया। लोगों ने कोर्ट में मामला दर्ज कराया लेकिन वह भी आगे नही बढ़ सका। प्रथम द्रष्टया मामला काफी संगीन लगता है और सरकारी संरक्षण के बिना इतने समय से इस घृणित खेल का जारी रहना असंभव था। इस घटना ने एकबार फिर से बिहार को शर्मसार किया है।

पीड़ित युवती द्वारा दर्ज प्राथमिकी के सभी अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो, सख्ती से पूछताछ हो और मामले की उच्चस्तरीय जांच हो। राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक मिलीभगत के बिना यह संभव नहीं है, इसलिए इसकी भी जांच होनी चाहिए। नेताओं ने आगे कहा कि नीतीश कुमार महिला सशक्तीकरण व उनकी सुरक्षा का दंभ भरते रहते हैं, लेकिन महिलाओं के खिलाफ संगठित यौर्न हिंसा भाजपा-जदयू सरकार की चारित्रिक विशिष्टिता बन गई है। शेल्टर होम कांड के बाद भी सरकार ने लगता है कोई सबक नहीं सीखा। सभी उत्पीड़ित महिलाओं को तत्काल सुरक्षा प्रदान किया जाए और उनके पुनर्वास की गारंटी करते हुए सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो! यदि पीड़िताओं को न्याय नहीं मिलता तो माले, आइसा व ऐपवा राज्यव्यापी आंदोलन में जाएंगे!

## गुणवत्तापूर्ण व बेहतर चिकित्सीय सेवा के लिए स्वास्थ्य विभाग संकल्पित : मंगल

**बीएमएसआईसीएल की समीक्षा बैठक में मंत्री ने लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण करने का दिया निर्देश**

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की अध्यक्षता में बुधवार को बिहार मेडिकल स्टेट इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री पांडेय ने निर्देश दिया कि वैसे सभी अनुमंडलीय अस्पताल जिनकी क्षमता 75 शैय्या से कम है, का समेकित अध्ययन कर अगली विभागीय बैठक में प्रस्तुत करें, ताकि उक्त सभी अनुमंडलीय अस्पतालों की क्षमता कम से कम 75 शैय्या या उससे अधिक करने के दिशा में त्वरित कार्रवाई की जाये। श्री पांडेय ने कहा कि वैसे सभी स्वीकृत परियोजना जो भूखंड संबंधित समस्याओं के कारण प्रारंभ नहीं हो सके हैं, उनका जिला व परियोजना वार सूची तैयार करें। अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग सभी संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से इसकी समीक्षा कर भूमि उपलब्धता हेतु अग्रेतर कारवाई करेंगे। सिवान, मधुबनी, वैषाली, भोजपुर में निमाणाधीन राज्यकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण कार्य में तीव्रता लाते हुए जून 2025 तक पूर्ण किया जाये एवं शेष 11 चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण कार्य में तेजी लायी जाए। ताकि राज्य के आमजनों को उच्चतम स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के आमजनों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यह नितांत आवश्यक है कि पूर्व से निर्मित अस्पतालों के दैनिक अनुरक्षण एवं रख रखाव की नीति का प्रारूप तैयार कर विभाग के समक्ष 15 दिनों के अंदर प्रस्तुत करें। राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों से जिन उपकरणों की अधियाचना प्राप्त है एवं जिनका दर अनुबंध निगम के पास उपलब्ध है वैसे उपकरण एक माह के अंदर अधिष्ठापित कराना सुनिश्चित करें, साथ ही जिनका दर अनुबंध नहीं है वैसे उपकरणों की निविदा तुरंत प्रकाशित करते हुए निष्पादित करें। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि राज्य में स्वीकृत मॉडल अस्पतालों के कुल स्वीकृत 21 परियेजनाओं में 08 का कार्य संपन्न है एवं शेष 13 में कार्य प्रगति में है, जिसमें सीतामढ़ी का कार्य जून एवं औरंगाबाद, भागलपुर, गया, सिवान में अगस्त 2024 तक कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश मंत्री श्री पांडेय ने दिया। साथ ही उन्होंने मातृ एवं शिशु अस्पताल के कुल 21 परियोजनाओं की समीक्षा की, जिसमें 14 कार्य पूर्ण एवं 7 निमाणाधीन है, जिसमें सारण, समस्तीपुर, औरंगाबाद, सहरसा का कार्य अगस्त 2024 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में एमडी बीएमएसआईसीएल धर्मेन्द्र कुमार, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत, विशेष सचिव शशांक शेखर, ओएसडी रेणु कुमारी, मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह एवं शंभु कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## बरसात के दौरान देर रात में भी वॉकी टॉकी से कनेक्ट रहेंगे निगम एवं बुडको कर्मी

- पटना नगर निगम द्वारा मॉनसून की मॉनिटरिंग के लिए संप हाउस के कर्मियों को दी गई वॉकी टॉकी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना नगर निगम द्वारा मॉनसून की तैयारियां युद्ध स्तर पर की गई है। एक तरफ जहां नालों की उड़ाही पूर्ण की जा चुकी है एवं अंतर विभागिय बैठक कर समस्याओं को दूर किया जा चुका है। देर रात नगर निगम कर्मियों द्वारा मॉक ड्रील के माध्यम से जमीनी स्तर पर जलनिकासी की समस्याओं की जांच की जा चुकी है। इसके साथ ही बुडको द्वारा संचालित संप हाउस की मॉनिटरिंग भी मॉक ड्रील के साथ की गई। जहाँ इनलेट एवं आउटलेट की जाँच की गई। इसी कड़ी में पटना नगर निगम द्वारा बुडको को 20 को वॉकी टॉकी दिया गया। जिससे बरसात के समय नगर निगम एवं बुडको के कर्मी एक साथ कनेक्ट रहेंगे।

**देर रात बरसात में भी एक साथ जुड़े रहेंगे नगर निगम एवं संप हाउस कर्मी :**

सभी के साथ किसी तरह की सूचना को एक साथ शेयर किया जा सकेगा। देर रात बरसात होने पर भी सभी संप हाउस के वाटर लेवल की जानकारी ली जा सकेगी। आरकेएवेन्यु, योगीपुर, मंदीरी, पहाड़ी, राजापुर सहित सभी 17 संप हाउस के ऑपरेटर एवं 3 पदाधिकारी को वॉकी टॉकी दिया गया। नगर निगम मुख्यालय में बुडको कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया।

**पटना सिटी एवं अजीमाबाद के साथ हुई बैठक :**

वार्ड स्तर पर जलनिकासी की समस्याओं को दूर करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा पटना सिटी एवं अजीमाबाद अंचल के माननीय पार्षदों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। वार्डो की सफाई, मैनहॉल, कैचपीट एवं नाला उड़ाही पर विस्तृत चर्चा की गई। नगर आयुक्त द्वारा माननीय पार्षदों के शिकायत एवं सुझाव पर पदाधिकारीयों को ससमय कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान नगर निगम के सशक्त स्थाई समिति के सदस्य, माननीय पार्षद गण मौजूद रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**सं०–06 सोनपुर 2024–25**

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई– निविदा आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि **08.07.2024 को 13.00 बजे** तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एव निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट–**www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता है।

**क्रम सं०: 1, कार्य का नाम मद सं० सहित :** सोनपुर मंडल के लिए पाकुड़/बाकुडिह, बरहरवा या साहिबगंज रेंज के किसी अन्य अनुमोदित खदान से आरडीएसओ के विनिर्देशों (अद्यतन सुधार पर्चियों के साथ फरवरी–2023 संस्करण) के अनुरूप 50 मिमी आकार की 50000 घन मीटर मशीन कश्ड ट्रैक गिट्टी की आपूर्ति एवं पूर्व मध्य रेल के गड़हरा डिपो में स्टैकिंग का कार्य।, **अनुमानित लागत (रू. में):** 13,93,07,500.00, **अग्रधन राशि(रू. में):** 8,46,500.00, **क्रम सं०: 2, कार्य का नाम मद सं० सहित :** सोनपुर–छपरा कचहरीः–सोनपुर छपरा अनुभाग में नयागॉव–शीतलपुर के बीच समपार सं० 11/स्पेशल के बदले सिमित उॅचाई वाले सबवे का निर्माण।, **अनुमानित लागत (रू. में):** 6,54,70,822.61, **अग्रधन राशि(रू. में):** 4,77,400.00, **क्रम सं०: 3, कार्य का नाम मद सं० सहित :** सोनपुर मंडलः मानसून आरक्षित भंडारण हेतु बॉंकुडिह/पाकुर अथवा साहेबगंज लूप के अंतर्गत अन्य क्वैरी स्टोन डस्ट की आपूर्ति एवं किसी भी आकार–प्रकार के वैगन में लोडिंग का कार्य।, **अनुमानित लागत (रू. में):** 51,09,960.00, **अग्रधन राशि(रू. में):** 1,02,200.00, उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार–किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्तकरने अथवा निविदा मे सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदा दाता का इसमे कोई दावा मान्य नही होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०)**
**पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**

पीआर/00510/एसईई/ईएनजीजी/टी/24–25/48

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रा के किया धरना प्रदर्शन

परसा।पी एन कॉलेज परसा के स्नातक स्त्र 23- 27 के दर्जनों छात्रों ने रजिस्ट्रेशन में त्रुटि होने को लेकर कॉलेज के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर कार्य को अवरुद्ध कर दिया गया।और छात्रों द्वारा अपनी मांग को लेकर कॉलेज के खिलाफ धारणा पर बैठ गया।जिसकी सूचना प्रभारी प्रचार्य अनिल कुमार को मिली।और मौके पर पहुँच छात्रों की समस्या की जानकारी लिया।इस दौरान छात्रो ने स्नातक स्त्र 2023-27 के रजिस्ट्रेशन में भाड़ी पैमाने पर त्रुटि होने,त्रुटि में बिना शुल्क लिए समय बढ़ाने,पीछा चल रहा सेशन में सुधार करने समेत कई समस्या गिनाया।और सार्थक पहल करने का मांग किया।प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार ने इसकी जानकारी कुलपति को दिया।जिसपर कुलपति ने छात्रो की प्रत्येक समस्या का निदान कराने का आश्वसन दिया।इसके बाद भी छात्र आंदोलन पर आड़े रहे।इस मौके पर कुणाल कुमार,राजा कुमार, रितेश कुमार ,हैपी कुमार,सिकेन्द्र कुमार ,चंदन कुमार ,विकास कुमार, दीपक कुमार ,अंकित कुमार, संजय कुमार, रौशन कुमार, ज्ञान कुमार रितिका कुमारी ,पूजा कुमारी समेत दर्जनों की संख्या में छात्र छात्राओं उपस्थित थे।

### प्रधानाध्यापकों की बैठक मे दिए गए कई निर्देश

जलालपुरेप्रखंड के प्राथमिक,मध्य व उच्च विद्यालयो के 130से अधिक प्रधानाध्यापको की बैठक बुधवार को बी आर सी जलालपुर मे आयोजित की ग ईबैठक की अध्यक्षता बी ईओ निभा कुमारी ने कियोउन्होंने सभी विद्यालय प्रधानों से विद्यालय में कुल नामांकन तथा नवीन नामांकन का आंकड़ा ,जुलाई 2023के बाद छः दिवसीय प्रशिक्षण नहीं करने वाले शिक्षकों की सूची ,सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की सूची,रिक्ति प्रतिवेदन की हार्ड कापी ,वर्ग आठ के निर्गत किए गए टी सी व छात्रो की संख्या व अपने पंचायत के उच्च विद्यालय मे नामांकन कराए गए छात्रो की संख्या का प्रतिवेदन जमा करायोवहीं प्रतिवेदन जमा नहीं करने वालो को अविलंब जमा करने का निर्देश दिया`उन्होंने बताया कि दूसरे पंचायत में नवी कक्षा मे नामांकन कराने के लिए बिना डी ईओ महोदय की अनुमति का विद्यालय प्रधान टी सी निर्गत नहीं करेंगे वही उन्होने बताया कि चहक का दो दिवसीय प्रशिक्षण जलालपुर हाई स्कूल मे 20 तथा 21जून को आयोजित हैं जिसमे 20 जून को म वि संवरी मठ ,म वि भटकेसरी तथा म वि कोठेयां सी आर सी तथा 21जून को म वि अनवल ,म वि सम्होता ,म वि विशुनपुरा सी आर सी के कक्षा एक के नामित शिक्षक भाग लेंगे`मौके पर बी आर पी सुरेन्द्र सिंह ,सुरेन्द्र राय,एम डी एम बी आरपी कमलेश सिंह, डी डी ओ प्रशांत पांडेय ,जितेन्द्र मिश्र ,अम्बद्◘त्त गुंजन ,रामजी तिवारी ,उमेश सिंह ,अखिलेश्वर पांडेय,संजय सिंह ,शशिरंजन सिंह ,मणीन्द्र पांडेय ,कन्हैया महतो ,संजय पांडेय,बबलू गुप्ता,संजय राय ,मनीष कुमार,दिलीप कुमार सिंह,सुधाकर मिश्र,अरविन्द पांडेय,राजेश कुमार,विनोद कुमार सिंह,बबलू सिंह उमेश यादव अभय तिवारी बसंत प्रसाद,मुकेश यादव हरिदयाल यादव सहित सभी विद्यालय प्रधान उपस्थित थे

### तेज गति से आ रही पिकअप के धक्के से वृद्ध की मौत

माँझी। माँझी ताजपुर मुख्य मार्ग पर डुमरी गाँव के समीप मंगलवार की शाम बाजार से सब्जी खरीदकर वापस घर लौट रहे बृद्ध सड़क पार करने के क्रम में तेज गति से आ रही एक पिकअप के धक्के से बुरी तरह जख्मी हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आनन फानन में जख्मी बृद्ध को माँझी सीएचसी पहुँचाया जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें चिन्ताजनक हालत में छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि छपरा ले जाने के दौरान रास्ते में ही जख्मी बृद्ध ने दम तोड़ दिया। मृतक माँझी थाना क्षेत्र के डुमरी गाँव निवासी योगेन्द्र प्रसाद उम्र 65 वर्ष बताया जाता है। मृतक नई दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मी के पद से चार वर्षों पूर्व रिटायर हुआ था। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा चार पुत्र व एक पुत्री हैं जिनकी शादी हो चुकी हैं। मौत की खबर पाकर परिजनों के रुदन क्रन्दन से वहाँ का माहौल गमगीन हो गया। इससे पहले धक्का मारकर भाग रहे चालक समेत पिकअप को ग्रामीणों ने खदेड़कर पकड़ लिया तथा उसे पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार राजू कुमार राम नामक पिकअप चालक हाजीपुर का रहने वाला बताया जाता है। पुलिस ने पिकअप को जब्त करने के साथ ही चालक को जेल भेज दिया है। उधर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। ततपश्चात बुधवार को गाँव के समीप सरयु नदी के किनारे मृतक का दाह संस्कार सम्पन्न कर दिया गया।

# सारण के लाल डॉ. संदीप यादव पीएमसीएच के न्यूरो सर्जरी विभाग में बने असिस्टेंट प्रोफेसर

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित बिहार चिकित्सा शिक्षा सेवा संवर्ग के न्यूरो सर्जरी सुपर स्पेशियलिटी विभाग में असिस्टेंट प्रोफसर के पद पर सारण के लाल डॉ. संदीप यादव ने सफलता हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। न्यूरो सर्जन डॉ. संदीप यादव का चयन पटना पीएमसीएच के न्यूरो सर्जरी सुपर स्पेशियलिटी विभाग में असिस्टेंट प्रोफसर के पद हुआ है। बुधवार डॉ. संदीप यादव ने अपने पद पर योगदान किया। संदीप यादव सारण जिले के रिविलगंज प्रखंड समसुद्दीनपुर गांव निवासी प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. आर एन यादव के पुत्र है। उन्होने एसकेएमसीएच से एमबीबीएस, यूपी के बीएचयू से एमएस एवं पीजीआई कोलकाता से एमसीएच (न्यूरो सर्जरी) की पढ़ाई की है। पिछले कई वर्षो से बिहार के राजधानी पटना के सगुना मोड़ पर मार्स सुपरस्पेशलियटी हॉस्पीटल में अपनी सेवा दे रहें है। इसके साथ हीं छपरा शहर के श्याम चक स्थित डॉ. आर एन यादव हॉस्पीटल में सप्ताह में एक दिन रविवार को अपनी सेवा देते हैं।

उनके इस सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है। उनके पिता डॉ. आर एन यादव काफी संघर्ष और मेहनत करके अपने बेटे को डॉक्टर बनाया ताकि बेटा उनके मार्गों पर चलकर समाज के गरीब और असहाय लोगों की मदद कर सके। आज उनका यह सपना पूरा हो चुका है। बेटे की इस मुकाम से पिता सीना गर्व से चौड़ा हो गया। डॉक्टर संदीप यादव की यह कहानी एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो अपनी मेहनत और संघर्ष से अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफलता प्राप्त किया है।

उनका सफल पथ इसलिए भी विशेष है क्योंकि वे अपने पिता के प्रेरणादायक संघर्ष का उत्तरदाता माने जाते हैं। डॉक्टर आर एन यादव ने अपने बेटे को डॉक्टर बनाने के लिए कठिनाईयों और मेहनत से परिपूर्ण रास्ते दिखाए, जिससे अब संदीप यादव ने न्यूरो सर्जन के रूप में अपने देशवासियों की सेवा का एक बड़ा माध्यम प्राप्त किया है।

उनकी सफलता के पीछे उनके परिवार का समर्थन भी बहुत महत्वपूर्ण रहा है।डॉक्टर संदीप यादव के बड़े भाई मुकेश कुमार यादव उर्फ सोनू का भी योगदान बहुत ही सराहनीय रहा है। उनके पिता का यह सपना अब पूरा हो चुका है, और वे अपने बेटे की इस उपलब्धि पर गर्व से भरे हुए हैं। डॉक्टर संदीप यादव की इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि मेहनत, परिश्रम और परिवार का साथ देने से हर मुश्किल को आसानी से पार किया जा सकता है।

## सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने पल्लवी राज को किया सम्मानित



छपरा कात्यालय।सारण जिला के दिघवारा प्रखंड निवासी पल्लवी राज पिता रूद्र कुमार का इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग मे हगरी मे सेलेक्शन होने पर बुधवार को सांसद राजीव प्रताप रूडी के उनके कण्ट्रोल रूम कार्यालय पर लोगो द्वारा अंग वस्त्र और बाबा हरिहरनाथ का प्रसाद खिलाकर बधाई और शुभकामनायें दिया इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने कहा कि इससे पहले भी कई बार बिहार लेवल पर और बिहार से बाहर भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और काष्य पदक भी जीता है हमलोग आशा करते है इस बार भी देश लेवल पर अपना राम रौशन करें और देश को पदक दिलाये इस अवसर पर कण्ट्रोल रूम प्रभारी बबलू चौबे जीतेन्द्र गिरि बृजेश राय विक्की कुमार अमन कुमार संजीव कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित थे

## 200 से अधिक आंगनबाड़ी सेविकाओं में सुधा दूध का पैकेट, बैग व पंजी का किया गया वितरण

प्रात: किरण, संवाददाता



बगहा। बगहा एक प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं में सूधा दूध का पैकेट, बैग, पंजी आदि समाग्री का वितरित किया गया। बुधवार को आईसीडीएस बगहा एक के निम्न वर्गीय लिपिक संजीत कुमार की देख रेख में आंगनबाड़ी सेविकाओं में दूध का पैकेट,बैग,पंजी आदि अन्य सामाग्री वितरण किया गया।

इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मो. सोहैल अहमद ने बताया कि प्रखंड बगहा एक के 200 से अधिक आगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं में सूधा का दूध पैकेट,बैग पंजी का वितरण कर दिया गया है। शेष सेविकाओं में भी सुधा दूध का पैकेट और अन्य सामाग्री दिया जाना है।जिन सेविकाओं को सुधा दूध का पैकेट,बैग अन्य सामाग्री दे दिया गया है उन्हे अपने आगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों में वितरण करना हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को पका हुआ भोजन खिलाने के अलावा सुधा दूध मिल्क पाउडर घोलकर पिलाना है।सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देश दिया कि आईसीडीएस की तरफ से वितरण किए सभी सामाग्री आगनबाड़ी केंद्र के बच्चों में वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। वितरण से संबधित किसी प्रकार की अनियमितता या शिकायत मिलने पर संबंधित सेविका को चिन्हित करते हुए विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## जिलाधिकारी ने की बाढ़ पूर्व कटाव निरोधक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण



मोतिहारी। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा जल निस्सरण प्रमंडल मोतिहारी अंतर्गत बाढ़ पूर्व कटाव निरोधक कार्यों का स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया गया एवं बाढ़ पूर्व तैयारीयों की समीक्षा की गई। स्थल निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने बंजरिया प्रखंड के फूलवार ग्राम में तिलावे नदी पर कटाव निरोधक कार्यों का निरीक्षण किया तथा इसके तकनिकी तथ्यों सम्बंधित सभी जानकारी जल निस्सरण प्रमंडल के कार्यपलक अभियंता ई. इफ़्तेखार इमाम से लिया, यहां पर जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता भी मौजूद थे। जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित ग्रामीणों से भी पूर्व के वर्षों में नदी से उत्पन्न बाढ़ सम्बन्धी जानकारी ली। इसके बाद जिलाधिकारी ने बंगरी नदी का भी निरीक्षण किया तथा सम्बंधित अभियंताओं को संभावित बाढ़ को ध्यान में रखकर सभी तैयारी पूरी कर लेने का निदेश दिया। जिलाधिकारी के द्वारा मुख्य रूप से बाढ़ संघर्षात्मक समग्रीयों की स्तिथि, सभी संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर समग्रीयों तथा बालू का समुचित भण्डारण आदि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## सरपंच ने बीडीओ से की शिकायत

परसा। प्रखंड के परसौना पंचायत के सरपंच के जाली हस्ताक्षर तथा मोहर का उपयोग कर सम्मन जारी करने का मामला प्रकाश में आया है।मामला को लेकर सरपंच मंजू देवी द्वारा बीड़ीओ को लिखित शिकायत कर फजीर्वार तथा जलसाजी पर रोक लगाने तथा कानूनी करवाई करने का गुहार लगाया है।आवेदन में बताया गया है कि सरपंच की पति अशोक पंडित की निधन होने के बाद से ग्राम कचहरी सचिव सत्यनारायण साह द्वारा सरपंच की जानकारी दिए बिना सम्मन जारी किया जा रहा है।जिस सम्मन पर सरपंच का फर्जी हस्ताक्षर तथा मोहर का उपयोग किया जाने का आरोप लगाया गया है।जिसपर पहल करते हुए प्रखंड कार्यालय के ज्ञापांक 597 के तहत कारणपूछा नोटिस जारी किया गया।नोटिस में बिंदुवार स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।स्पष्टीकरण उपलब्ध नही करने पर अग्रतर करवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को अनुसंशित कर देने की बातें बताया गया है।

## भंडारे की सामग्री ले ट्रक जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना हुआ

छपरा कार्यालय। जय भोला भंडारी सेवा दल (रजिङ्ग 033) छपरा, बिहार के अध्यक्ष पप्पू चैहान के साथ सभी सदस्यों ने हरी झंडी दिखा ट्रक को उधमपुर, जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना किया कइस सेवा दल के द्वारा भंडारे की सामग्री लिए ट्रक को दुल्हन की तरह सजा कर बैण्ड बाजे के साथ पूरे नगर में भ्रमण करा प्रस्थान किया गया कइस नजारे को देख भोले के भक्त हर्ष उल्लास से भड़ गए कजय भोले, हर हर महादेव, जय बाबा अमरनाथ बफार्नी, बोल बम के नारे से पूरा शहर गूंज उठा, नगर वासियों ने इस ट्रक की एक झलक देख खुशी का इजहार किया कारण की यह बिहार का पहला भंडारा है कआपको बताते चलें कि इस सेवा दल के द्वारा श्री बाबा अमरनाथ जी यात्रा मार्ग उधमपुर, जम्मू-कश्मीर में भंडारा लगाया जाता है कयहां अमरनाथ यात्रियों के लिए भोजन, पानी, चाय-नास्ता के साथ ही यात्रियों के ठहरने व शौचालय की भी व्यवस्था निःशुल्क की जाती हैं तथा यात्रियों के प्राथमिक उपचार की व्यवस्था किया जाता है कसेवा दल के द्वारा इस वर्ष चौथे विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है कयह बिहार का पहला भंडारा है जो अमरनाथ यात्रा मार्ग पर लगता है कइस ट्रक के साथ सेवा दल के अध्यक्ष पप्पू चौहान एवं कुछ सेवादार भी जा रहे हैं जो भंडारे की तैयारियां शुरू करेंगे कआज के इस आयोजन में सेवा दल के सदस्य- राजेश जी रिबक, अमित जी, मंटू बाबा, अशोक जी, बाबु राय, कन्हैया लाल, विकाश कुमार, संजय जी, रिशु जी, रवि सोनी, दिलीप जी, बबलू जी, धनु जी, मुकेश जी, लड्डू, गुदु जी, फूटी जी, सुधीर सिंह, अनीश जी, पियर चाचा, केदार जी, पप्पू जी, मोहन जी, राजा जी, नन्दन जी, राजेश बम, ओम प्रकाश जी, शिव जी रस्तोगी, बलराम राय, अनिल जी, अभय जी, माणिक चंद्र, इत्यादि सदस्यों ने भाग लिया क

## अवैध हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। अपराध नियंत्रण को लेकर व रात्रि में गश्ती दल द्वारा चलाए गए विशेष छापामारी अभियान के क्रम में दिघवारा थाना अंतर्गत तीन अपराधियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में पुलिस को कामयाबी मिली है' गिरफ्तार तीनों अपराधियों में आशिक कुमार एवं रितेश सिंह का नयागांव थाना में मामला दर्ज है ' एसपी कार्यालय के अनुसार गिरफ्तार अपराधी आशिक कुमार, पिता विजय सिंह, मोनू सिंह ऊर्फ हर्ष एवं रितेश सिंह, पिता धनंजय सिंह, दिघवारा थाना अंतर्गत बभनगावां गांव का निवासी बताया गया है ' गिरफ्तार अपराधियों में दो का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है' पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार संदिग्ध व्यक्ति के निशानदेही पर दो और अपराधियों को गिरफ्तार किया गया ' गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देसी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, तीन मैगजीन, तीन मोबाइल सेट तथा दो मोटरसाइकिल बरामद हुआ है ' इस मामले में दिघवारा थाना कांड संख्या 212/ 24 दर्ज कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है ' इन अपराधिओं को गिरफ्तारी में पुलिस अवर निरीक्षक सह थानाध्यक्ष रवि शंकर कुमार, रवि रंजन कुमार, राजकुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार, कुमारी सीमा एवं थाना कर्मी शामिल थे '

## कुलपति से मिलकर छात्र प्रतिनिधियों ने की सत्र व्यवस्थित एवम मार्कशीट के सुधार की बात

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय।बुधवार को छात्र संघर्ष मोर्चा के अनेकों छात्र संगठन के प्रतिनिधियों (अक्रअ, अक्रऋ रत्रक्ष युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा) ने कुलपति से मिलकर छात्रों के विभिन्न मुद्दो पर बात की जिसमे स्नात्तक पार्ट थर्ड सत्र (स्पेशल ) 2018-2021 के 60% परीक्षाफल पेंडिंग कर दिया गया है जिसको सुधार कर छात्रों को अंक प्रमाण पत्र की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की गई। स्नात्तक सत्र 2019 -2022 पार्ट थर्ड, सत्र 2020-2023 पार्ट टू, सत्र 2021-2024 पार्ट वन के अंक पत्र में सुधार कर प्रिंट अंकपत्र उपलब्ध करने की मांग की गई, स्नात्तक सत्र 2022-2025 के परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग की गई। विवि० मे स्थाई सर्वर तथा ध्रुिॠ३ी की शीघ्र व्यवस्था करने एवं स्नातक एवं स्नातकोतर का डिग्री तय समय पर उपलध करने की मांग की गई। साथ ही स्नातकोत्तर सेमेस्टर टू एवं सेमेस्टर वन 2020-2022, 2021-23 के सुधार कर अंकपत्र उपलब्ध कराने की मांग की गई। जयप्रकाश विश्वविधालय के कुलपति से लगभग एक घंटा बातचीत की गई ,बातचीत के दौरान कुलपति ने कहा कि बीस दिनों के अंदर सभी समस्याओं के निदान कर दिया जाएगा। वही जयप्रकाश विश्वविधालय वरिष्ठ छात्र नेता छात्र संघर्ष मोर्चा के कन्वेनर शेख नौशाद कहा कि यदि बीस दिनों के अंदर सभी मांगों को पूरा नही किया गया तो विश्वविधालय के उग्र आंदोलन करने को संगठन बाध्य होगा।

प्रतिनिधि मंडल में युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष शेख नौशाद, एसएफआई के सचिव देवेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष दीपक राज, छात्र नेता गौरव कुमार,आइसा के दीपंकर कुमार, जिला अध्यक्ष कुणाल कौशिक , आइसा के विकाश कुमार, विशाल पासवान, इत्यादि उपस्थित थे।

## करंट लगने से रसूलपुर के केदारपरसा गांव में दिव्यांग युवक की मौत



- विकलाग गुंगीं पत्नी पर टूटा दुख का पहाड़
- मुखिया ने कहा आपदा से मिलेंगे आर्थिक सहायता

रसूलपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के केदार परसा गांव में मंगलवार की रात्रि करंट लगने से एक युवक की मौत हो गयी।मृतक राजेंद्र यादव का 27 वर्षीय पुत्र अमरजीत यादव उर्फ बहीरा बताया जाता है।मृतक राज मिस्त्री का काम करता था जो गुंगा व बहरा था वहीं ग्रामीणों की मानें तो उसकी पत्नी भी गुंगी व वधिर है,उसके दो छोटे बच्चे हैं जिनमें ढ़ाई वर्ष की एक पुत्री व एक साल का एक बेटा शामिल है।परिवार का खर्च उसीके कंधे पर था उसकी मौत के बाद परिजनों पर विपदा का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि भीषण गर्मी के कारण अमरजीत घर के बाहर पंखा लगाकर सोया था तभी देर रात हल्की बारिश होने के कारण वह पंखे का तार निकालकर घर में जाने लगा तभी पंखे का तार निकालने के क्रम में वह करंट की चपेट में आकर तार पर हीं गिर गया आनन फानन में ग्रामीण एकमा स्थित एक निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया छपरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद रिविलगंज घाट पर उसका अंतिम संस्कार किया गया।मुखिया पति व प्रतिनिधि पीडित परिवार से मिले और कहा कि आपदा कोष से आर्थिक सहायता सरकार से मिलने के लिए लिखा जाएगा।

## दाउदपुर में ट्रक और ट्रैक्टर के आमने-सामने के टक्कर में बाल बाल बचे चालक

दाउदपुर माँझी सारण दाउदपुर थाना क्षेत्र के नंदलाल सिंह कालेज के पश्चिम रक्षा ब्रम्ह बाबा स्थान के समीप छपरा-सिवान मुख्य सड़क मार्ग एनएच 531पर बुधवार की सुबह ट्रक तथा ट्रैक्टर की बीच हुए आमने- सामने की टक्कर में दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। जबकि दोनों वाहन के चालक बाल-बाल बच गए। घटना के बाद दोनों वाहन चालक मौके से फरार हो गए। इस घटना में किसी की भी हताहत होने की सूचना नहीं हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक डोरीगंज से बालू लाद कर सीवान की तरफ जा रहा था तभी एकमा की ओर से ईट लेकर छपरा की तरफ जा रहा ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। जिसमे दोनों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई की ओर चले गए। जिसमें ट्रैक्टर की ट्राली खाई में जाकर पलट गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त हैं की ट्रक के अगले हिस्से का परखच्चे उड़ गया। वहीं ट्रैक्टर भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। थानाध्यक्ष नवलेश ने बताया कि हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

## राष्ट्रीय स्तर के शिविर में बिहार का प्रतिनिधित्व करने सारण की स्काउट टीम सोनपुर रवाना

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। भारत स्काउट और गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा आयोजित एसडीजी- 3 पर क्षेत्रीय स्तर का योग उत्सव और कार्यशाला का आयोजन सोनपुर स्थित स्काउट डेन सह जिला प्रशिक्षण केंद्र सोनपुर बिहार में 19 जून से 23 जून तक किया गया है। जिसमे स्काउट गाइड पूर्वी क्षेत्र के सभी राज्य एवम रेलवे यूनिट के स्काउट गाइड शामिल होंगे।बुधवार को छपरा जंक्शन से सारण टीम को जिला संगठन आयुक्त (स्काउट)अमन राज में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला संगठन आयुक्त (स्काउट)अमन राज्य ने बताया कि सारण की स्काउट गाइड की यह टीम पूरे बिहार का प्रतिनिधित्व करेगी। अमन ने बताया कि इस शिविर में जिला मुख्यालय दल के स्काउट सोनू कुमार, आदित्य राज,सक्षम पाण्डेय,अरमान अली और गाइड खुशी और माही कुमारी शामिल हो रहे है।इस शिविर में स्काउट गाइड को योग के संबंध में विस्तृत जानकारी के साथ शारीरिक गतिविधि के संबंध में प्रशिक्षण दिया जायेगा।जिससे स्काउट गाइड शारिरिक रूप से स्वस्थ,मानसिक रूप से चेतन और नैतिक रूप से ईमानदार हो सके।

## नगर आयुक्त ने शहर में चल रहे सभी कार्यों का किया समीक्षा

- ससमय कार्य को पूरा करने का दिया गया निर्देश
- फोटो समीक्षा बैठक करते नगर आयुक्त सुमित कुमार

प्रात: किरण, संवाददाता




छपरा' नगर आयुक्त सुमित कुमार की अध्यक्षता मे साफ सफाई , एनजीटी, स्ट्रीट एवं लाइट कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय कार्यों की समीक्षा की गई' जिसमे शहर के नाला उड़ाही के क्रम मे नाला पर अतिक्रमण करने वालो लोगों को नोटिस करके अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए कनीय अभियंता अभय कुमार को आदेश दिया ' जिसका अनुश्रवण नगर प्रबंधक वेद प्रकाश वर्णवाल के द्वारा किया जाएगा, ताकि आगामी मानसून को देखते हुये शहर के लोगो को जल जमाव से मुक्ति मिल जाये ' शहर के सभी नालो की सफाई कराकर पूर्ण कार्य का प्रतिवेदन देने को सफाई एजेंसी को आदेश दिया गया ' वहीं खनुआ नाला की सफाई जल्द से जल्द पूरा करे, ताकि मानसून के पहले पानी का बहाव हो सके '

श्याम चक भगार एवं कटसा मे बन रहे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के बारे में कार्यों की समीक्षा नगर आयुक्त द्वारा किया गया ' बैठक में श्यामचक भगार पर हो रहे कार्य के जमीन का बाउंड्री वाल कराने के लिए कनीय अभियंता अभय कुमार को आदेश दिया गया ' कटसा मे बने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य दो दिनों के अंदर चालू कराने को लेकर सम्बंधित एजेंसी को आदेश दिया गया ' नगर आयुक्त ने कटसा मे बन रहे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य मे शीथलता के कारण एजेंसी के खिलाफ काफी सख्त दिखे,और एजेंसी को सम्बंधित लिपिक द्वारा कड़ा पत्र देने को कहा गया ' वेपकॉस एजेंसी द्वारा कार्य में लापरवाही के कारण नगर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की है, वेपकोस एजेंसी द्वारा लेगेसी वेस्ट मैनेजमेंट का कार्य करना है, नगर आयुक्त ने दो दिनों के अंदर कार्य को चालू करने के लिए सम्बन्धी एजेंसी को आदेश दिया गया ' कल पुनः बैठक मे बुलाने का आदेश दिया गया, जिसमें सम्बधित एजेंसी के संचालक को अधतन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होने के लिए पत्र दिया गया ' शहर में लगे तिरंगा लाइट, स्ट्रीट लाइट की समीक्षा वार्ड वाइज नगर आयुक्त द्वारा किया गया ' शहर के सभी वार्डो मे लगे नये लाइट एवं मरम्मती कर लगे लाइट की समीक्षा नगर आयुक्त द्वारा किया गया एवं नोडल पदाधिकारी स्ट्रीट लाइट अभय कुमार को आदेश दिया गया की सभी लगे लाइट का भौतिक सत्यापन कर अनुश्रवण करेंगे ' ताकि शहर को चकाचक किया जा सके और किसी की अप्रिय घटना शहर मे ना हो सके.

बैठक मे कार्यपालक अभियंता विकास कुमार बुडको, सहायक अभियंता राज श्री, सिटी मैनेजर वेद प्रकाश वर्णवाल,कनीय अभियंता अभय कुमार तथा सफाई एजेंसी इत्यादि उपस्थित थे '

## शहर के होटल में की गई छापेमारी

छपरा' शहर के होटल में गुप्त सूचना के आधार पर पहुंची भगवान बाजार थाना पुलिस ने होटल के अलग-अलग कमरों से करीब देढ़ दर्जन युवक एवं युवतियों को हिरासत में लिया ' ताज्जुब की बात यह है कि उन युवक और युवतियों का होटल के रजिस्टर में कहीं कोई एंट्री नहीं था' जिसके कारण यह पूरा मामला संदेहास्पद बना हुआ है ' वैसे इनमें अधिकांश लड़के -लड़कियां शहर के ही रहने वाले हैं' वही स्थिति को भांपते हुए होटल संचालक और मैनेजर वहां से भाग निकलने में सफल रहे ' जिसके बाद भगवान बाजार थाना पुलिस ने उस होटल से बिना एंट्री के करीब डेढ़ दर्जन लड़के-लड़कियों को बरामद किया' जिन्हें थाना ले जाकर उनसे गहन पूछताछ की जा रही है ' बता दे कि यह होटल छपरा शहर के भगवान बाजार थाना अंतर्गत भगवान बाजार वीआईपी लेन में स्थित है' हालांकि इस मामले में थाना पुलिस फिलहाल कुछ भी कहने से परहेज कर रही है

## डब्ल्यूपीयू निर्माण एवं कार्य प्रारंभ को लेकर शेष पंचायतों में चिन्हित भूमि से संबंधित राजस्व कर्मियों से मांगा गया रिपोर्ट-बीडीओ

बगहा। प्रखंड बगहा एक के कार्यालय प्रकोष्ठ में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के प्रखंड समन्वयक संजय कुमार एवं अंचल बगहा एक के तमाम राजस्व कर्मचारी शामिल रहें। बीडीओ प्रदीप कुमार ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप डब्ल्यूपीयू निर्माण एवं कार्य प्रारंभ की स्थिति की प्रखंड समन्वयक संजय कुमार व राजस्व कर्मचारियों से बारी-बारी जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीडीओ ने राजस्व कर्मचारियों से 24 घंटे के अंदर टेसरहिया बथवरिया,रायबारी महुआ, सिसवा बसंतपुर पंचायत में डब्ल्यूपीयू निर्माण कार्य से संबंधित भूमि चिन्हित कर रिपोर्ट कार्यालय में सुपुर्द करने का सख्त निर्देश दिया ।बीडीओ ने कहा कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। इस अभियान को प्राथमिकता देते हुए डब्ल्यूपीयू निर्माण कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कराना है। जिसके लिए पांच पंचायतों में दो पंचायत भैसही पारड़खाप, नड्डा में चिन्हित कर लिया गया और शेष तीन पंचायत टेसरहिया बथवरिया,रायबारी महुआ, सिसवा बसंतपुर में भूमि चिन्हित कर चयनित करना हैं ।बीडीओ ने राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि डब्ल्यूपीयू निर्माण हेतु जिन स्थलों पर अबतक भूमि चिन्हित हुआ हैं। वहां जल्द से जल्द भूमि चिन्हित कर नापी कराकर,लेआउट कराते हुए अविलंब कार्य प्रारंभ कराना है। साथ ही लैंड इश्यू को क्लीयर करने के लिए निर्देशित किया।मौके पर बीसी संजय कुमार,राजस्व कर्मचारी राहुल कुमार, प्रिंस कुमार आदि राजस्व कर्मचारी उपस्थित थें।

## संक्षिप्त खबरें

### आद्रा नक्षत्र में खूब होगी वर्षा की फुहार

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले में आद्रा नक्षत्र की शुरूआत होते ही विभिन्न तीर्थ स्थलों में मेला का आयोजन सदियों से किया जाता रहा है। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि इस वर्ष 21 जून 2024 को रात्रि में भगवान सूर्य का आद्रा नक्षत्र में प्रवेश होगा और दूसरे दिन 22 जून से सूयोर्पासना के लिए सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल देव,शक्ति उपासना के लिए प्रसिद्ध तीर्थ स्थल सतबहिनी अंबा एवं सत्यचंडी धाम रायपुरा में श्रद्धालु भक्तों का तांता लग जाता है। 15 दिनों तक लगातार सूर्य कुंड में नहाने के लिए भक्तों की भीड़ लगती है।आद्रा नक्षत्र में जिस दिन दिन रविवार पड़ती है उस दिन का ज्यादा महत्व माना जाता है। उस दिन देव में अत्यधिक भीड़ होती हैं।कुटुंबा प्रखंड के सतबहिनी में भी शक्ति उपासना करने वाले साधक एवं भक्तों की भारी भीड़ लगती है। बिहार ही नहीं बल्कि बिहार के सीमांत राज्य झारखंड उत्तर प्रदेश बंगाल उड़ीसा से भी लोग दर्शन करने आते हैं।वहीं जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर की दूरी पर सत्यचंडी धाम रायपुरा में भी आद्रा नक्षत्र में मेला का आयोजन किया जाता है।श्रद्धालु 15 दिनों तक लगातार सत्यचंडी माता का दर्शन करते हैं।आद्रा नक्षत्र में सूयोर्पासना इस लिए की जाती है कि भगवान सूर्य इस नक्षत्र में प्रवेश करते हैं।इस नक्षत्र के देवता भगवान शंकर को माना जाता है। भगवान शंकर शक्ति के बिना अधूरे हैं इसलिए शक्ति उपासना इस नक्षत्र में ज्यादा की जाती है।भगवान शंकर राहू और केतु में सामंजस्य स्थापित कराने में मददगार साबित होते हैं ।शक्ति की उपासना इस महीने इसलिए भी की जाती है भगवान शंकर जब प्रलयंकारी रूप धारण करते हैं तो वहां शक्ति ही काम आती है। इस नक्षत्र को वर्षा का नक्षत्र भी माना जाता है। इस नक्षत्र में खीर पुरी मौसमी फल आम जामुन का प्रसाद थाली में भरकर भगवान को भोग लगाया जाता है ऐसा करने पर वर्ष भर शांति रहती है।

### काला पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शित किया

औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय महासचिव जगनरायण सिंह के नेतृत्व में जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अधिवक्ताओं ने काला पट्टी बांध कर न्यायिक कार्यों में भाग लिया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि स्टेट बार काउंसिल पटना के आदेशानुसार सभी अधिवक्ताओं ने काला पट्टी बांध कर कार्य किया और स्टेट बार काउंसिल पटना से मीडिया के माध्यम से यह मांग किया गया कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम शीघ्र लागू किया जाएं। तथा छपरा में हुए दोहरे अधिवक्ता हत्याकांड में अभियुक्तों को शीघ्र सजा सुनाई जाएं एवं स्टेट बार काउंसिल पटना मृत अधिवक्ताओं के परिजनों को अधिकतम लाभ दिलाने का प्रयास करें।

### सीआईएसएफ जवान की मौत के बाद दी गई अंतिम विदाई

आरा। भोजपुर जिले के कोईलवर सुरौधा कालोनी निवासी मंजूर अंसारी के 37 वर्षीय पुत्र सीआईएसफ जवान मो० सगीर अहमद की दिल्ली में ड्यूटी जाने के दौरान मौत हो गई। मृतक जवान दिल्ली एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ में पदस्थापित थे। कॉन्स्टेबल मोहम्मद सगीर अहमद दिल्ली बिजवासन में अपने परिवार के साथ रहते थे। सोमवार को दोपहर साढ़े 11 बजे के करीब वे अपने क्वार्टर से ड्यूटी के लिए निकले थे तभी रास्ते मे मूर्छित होकर गिर पड़े। कर्मियों द्वारा अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। जिसके बाद बुधवार को सीआईएसएफ जवान का शव उनके पैतृक घर कोईलवर के सुरौधा कॉलोनी पहुंचा। सुबह साढ़े 9 बजे एम्बुलेंस से शव पहुँचते ही हाहाकार मच गया। परिजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। शव को मृत जवान के अहाते में रख कर साथ आये सीआईएसएफ के अधिकारियों व जवानों ने उन्हें पुष्पचक्र अर्पित कर अंतिम सलामी दी। इस दौरान हजारों की भीड़ उनके दरवाजे पर जुटी रही।इस दौरान उनके बड़े भाई जहाँगीर आलम का रो-रोकर बुरा हाल था उन्होंने नम आंखों से अपने भाई को अंतिम विदाई दी। मौके पर पहुंचे संदेश के पूर्व विधायक अरुण यादव,आरा के पूर्व विधायक अनवर आलम,मुख्य पार्षद सरताज आलम,कोइलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चन्द्र समेत कई गणमान्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर केन्द्रीय मंत्री ने किया स्वागत

प्रात: किरण, संवाददाता



गया। गया में गया के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तकरीबन 9:00 बजे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद नालंदा के लिए रवाना हो गए। उसके पहले

दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से विशेष हेलीकॉप्टर से नालंदा के लिए रवाना हो चुके है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस के तैनाती की गई थी और आने जाने वाले पर विशेष निगरानी भी रखी जा रही थी. गया के डीएम-एसएसपी और सिटी एसपी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया है।।

## प्रधानमंत्री का स्वागत करते वरिय पुलिस अधीक्षक



गया । गया के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री, भारत सरकार के आगमन पश्चात, गया एयरपोर्ट पर वरीय पुलिस अधीक्षक गया के द्वारा उनका स्वागत किया गया है। गया पुलिस के अटल समर्पण से ये दौरा सामंजस्यपूर्ण वातावरण एवं अचूक सुरक्षा व्यवस्था के बीच सफलतापूर्वक संपन्न की गई है।

## जिलाधिकारी के द्वारा विदेश मंत्री का अभिनंदन किया गया



गया ।विदेश मंत्री एस. जयशंकर, भारत सरकार के गया एयरपोर्ट आगमन के पश्चात, जिलाधिकारी डॉक्टर एस एम त्यागराजन गया के द्वारा स्वयं उनका हार्दिक अभिनंदन करते हुए, उन्हे एक गुलाब पुष्प भेंट किया गया है।

# भोजपुर जिला कार्यालय कांग्रेस कार्यालय में राहुल गांधी का मनाया गया 54 वां जन्मदिवस समारोह

प्रात: किरण, संवाददाता



आरा : अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, युवा दिलों की धड़कन, सांसद राहुल गांधी जी का 54 वां जन्मदिवस समारोह भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम जी के नेतृत्व में पूर्वाहन 10 बजे स्थानीय पार्टी कार्यालय शहीद भवन,आरा में केक काटकर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर धूम-धाम से मनाया गया। बाद में समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अशोक राम ने कहा कि श्री राहुल गांधी जी जिस तरह से देश की बदलाव के लिए दिन रात एक करके फर्जी राष्ट्रवादी ताकतों के खिलाफ संघर्ष किया है यह उनके कुशल नेतृत्व का सबल साक्ष्य है। श्री राहुल गांधी का त्याग और संघर्ष उनके परिवार से विरासत में मिला है। श्री राहुल गांधी जी की लम्बी आयु के लिये सभी वक्ताओं ने एक श्वर में भगवान से प्रार्थना किया।

जन्मदिवस समारोह में जिला अध्यक्ष अशोक राम, डॉ शशि कुमार सिंह, घनश्याम उपाध्याय, प्रो. अरुण कुमार सिंह, सत्य प्रकाश राय, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, श्रीधर तिवारी, पन्नग त्रिपाठी, अशोक यादव, रजी अहमद, नागेंद्र मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, बिजेन्द्र यादव, बीरेंद्र मिश्रा, प्रभा सिंह यादव, अब्दुल सलाम कुरैशी, रामबचन तिवारी, भाष्कर मिश्रा, शिव शंकर चौबे, हीरा दुबे, घनस्याम चौधरी, रविन्द्र कुमार रवि, सूरज प्रकाश, आशुतोष ठाकुर, शक्ति सिंह उर्फ मनन, कुमार साकेत तिवारी अध्यक्ष यूथ कांग्रेस आरा विधान सभा, लुटावन चौरसिया, नर्वदेश्वर ओझा, श्रीराम सिंह कुशवाहा, गणेश तिवारी, राजू कुमार पाठक, शेखर कुमार, शिव कुमार पटेल, पप्पू पासवान सहित सैकड़ों नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नगर आयुक्त से डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने अनुसूचित जाति परिवार का पेशन सुविधा उपलब्ध कराई जाए

प्रात: किरण, संवाददाता



गया नगर निगम गया के द्वारा अनुसूचित जाति परिवार के सेवानिवृत्ति और मृत्यु के उपरांत परिवार पारिवारिक पेंशन नहीं दिए जाने पर लगभग 125 परिवार आर्थिक संकट आ जाने के कारण भुखमरी की स्थिति आ गया है नगर निगम के पारिवारिक पेंशनधारी राष्ट्रीय मानव अधिकार प्रदेश अध्यक्ष के कार्यालय आप बीती सुनाया पारिवारिक पेंशनधारियों में शिवनी देवी,ललिता देवी, सीता देवी ने बतलाया कि हम लोग के पारिवारिक पेंशन मिलता था लेकिन हम लोग का पेंशन बंद कर दिया गया है जिससे हम लोग का भुखमरी जैसा स्थिति बन गया है पेंशनधारियों से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्षडॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा आप लोग को जो पेंशन मिलता था वह पेंशन क्यों बंद कर दिया गया है इसकी जानकारी प्राप्त करेंगे सारे पेंशनधारियों ने बतलाया की नगर निगम में मेरे बात को सुनने वाला कोई नहीं है कोई स्पष्ट बात नहीं बताता है राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने नगर निगम के आयुक्त से मांग किया कि नगर निगम के पारिवारिक पेंशनधारियों को पेंशन नहीं मिलने पर भूखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विशेष रूप से उन परिवारों के लिए जिनकी आय का प्रमुख स्रोत पेंशन है, इस धनराशि के बिना जीवन-यापन करना बेहद कठिन हो सकता है। पेंशन न मिलने से परिवार की बुनियादी आवश्यकताएं जैसे भोजन, स्वास्थ्य सेवाएं, और बच्चों की शिक्षा प्रभावित होता है।पेंशन न मिलने का कारण प्रशासनिक लापरवाही, कागजी कार्यवाही में देरी, सिस्टम की खामियां हो सकती हैं। इन समस्याओं का समाधान निकालने के लिए सरकार और संबंधित विभागों को तत्परता से काम करना चाहिए। पेंशन की नियमितता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जिससे पारिवारिक पेंशन मिल सके नगर निगम के आयुक्त से मिलने के बाद पूरी जानकारी प्राप्त होने पर पेंशनधारी परिवारों के साथ न्याय के लिए गुहार लगाएंगे साथ ही साथ बिहार सरकार के नगर विकास मंत्री श्री नितिन नवीन से मिलकर नगर निगम के इस कारनामे की जानकारी देंगे ताकि गरीब परिवारों को आर्थिक मदद मिल सके।

## प्रशासन को अनुसूचित जाति परिवार के भरण पोषण के लिए पेंशन उपलब्ध कराए -डॉ मनीष पंकज मिश्रा

प्रात: किरण, संवाददाता



गया नगर निगम गया के द्वारा अनुसूचित जाति परिवार के सेवानिवृत्ति और मृत्यु के उपरांत परिवार पारिवारिक पेंशन नहीं दिए जाने पर लगभग 125 परिवार आर्थिक संकट आ जाने के कारण भुखमरी की स्थिति आ गया है नगर निगम के पारिवारिक पेंशनधारी राष्ट्रीय मानव अधिकार प्रदेश अध्यक्ष के कार्यालय आप बीती सुनाया पारिवारिक पेंशनधारियों में शिवनी देवी,ललिता देवी, सीता देवी ने बतलाया कि हम लोग के पारिवारिक पेंशन मिलता था लेकिन हम लोग का पेंशन बंद कर दिया गया है जिससे हम लोग का भुखमरी जैसा स्थिति बन गया है पेंशनधारियों से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्षडॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा आप लोग को जो पेंशन मिलता था वह पेंशन क्यों बंद कर दिया गया है इसकी जानकारी प्राप्त करेंगे सारे पेंशनधारियों ने बतलाया की नगर निगम में मेरे बात को सुनने वाला कोई नहीं है कोई स्पष्ट बात नहीं बताता है राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने नगर निगम के आयुक्त से मांग किया कि नगर निगम के पारिवारिक पेंशनधारियों को पेंशन नहीं मिलने पर भूखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विशेष रूप से उन परिवारों के लिए जिनकी आय का प्रमुख स्रोत पेंशन है, इस धनराशि के बिना जीवन-यापन करना बेहद कठिन हो सकता है। पेंशन न मिलने से परिवार की बुनियादी आवश्यकताएं जैसे भोजन, स्वास्थ्य सेवाएं, और बच्चों की शिक्षा प्रभावित होता है।पेंशन न मिलने का कारण प्रशासनिक लापरवाही, कागजी कार्यवाही में देरी, सिस्टम की खामियां हो सकती हैं। इन समस्याओं का समाधान निकालने के लिए सरकार और संबंधित विभागों को तत्परता से काम करना चाहिए। पेंशन की नियमितता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जिससे पारिवारिक पेंशन मिल सके नगर निगम के आयुक्त से मिलने के बाद पूरी जानकारी प्राप्त होने पर पेंशनधारी परिवारों के साथ न्याय के लिए गुहार लगाएंगे। इसके साथ ही साथ बिहार सरकार के नगर विकास मंत्री नितिन नवीन से मिलकर नगर निगम के इस कारनामे की जानकारी देंगे ताकि गरीब परिवारों को आर्थिक मदद मिल सके।

### डालसा अध्यक्ष ने सभी थानों के एस एच ओ के साथ की बैठक



प्रात: किरण ब्यूरो

मुंगेर। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में एडीआर भवन परिसर में आगामी 13जुलाई 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर एक बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया। इस बैठक में जिले के सभी थानों के एस एच ओ ने भाग लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष ने उपस्थित सभी एस एचओ से कहा कि अधिक से अधिक पक्षकारों को नोटिस तमिल करायें। इससे की आम जनता राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी मुकदमा का निष्पादन कर सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित इस बैठक में पुलिस अधीक्षक सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के सचिव मौजूद थे।

## अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगायें, एक पेड़ लगाना, सौ गायों का दान देने के समानह्न : प्रकाश पटवा

प्रात: किरण, संवाददाता



गया । जिला अध्यक्ष जदयू व्यवसाय एवं उद्योग प्रकोष्ठ सह मगध बुनकर अध्यक्ष प्रकाश राम पटवा ने बताया कि 15 जून 1967 को मेरा जन्म हुआ इस लिए इस 57 वा जन्म दिन होने पर अपने जन्मदिन के अवसर पर घर परिवार एवं दोस्तों में खुशी हुआ एवं एक पौधारोपण कर एवम केक काटकर अपना जन्म दिन लिए संकल्पित है। हरित वातावरण से जल स्तर और पर्यावरण में सुधार होगा। जब तक जल है ,तभी तक जीवन है। तभी तक मानव है, और तभी तब ही कोई जीव जंतु पृथ्वी पर है। अगर जल नष्ट होगा, तो हरियाली नष्ट होगी। तो यह जीवन बचने वाला नहीं है। एक पेड़ लगाना एक सौ गायों का दान देने के समान है, इसीलिए आप लोग भी ऐसे अवसर पर पौधारोपण कर हरियाली के संदेश को बढ़ाइए।

## पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्रेया कुमारी को श्रद्धांजलि दिया गया

प्रात: किरण, संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में नवीनगर प्रखंड की छात्रा श्रेया कुमारी के आकस्मिक मौत पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह के नेतृत्व में दो मिनट का मौन रखा गया एवं मृतक की आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।कहा गया कि संकट की इस घड़ी में श्रेया के परिवार को भगवान संबल प्रदान करें।यह भी कहा गया कि जिस तरह से श्रेया कुमारी की मौत हुई है वह अप्राकृतिक है और इसमें जिसकी भी संलिप्तता हो उसे अवश्य दंड मिलना चाहि।साथ ही साथ श्रेया के परिवार वालों को न्याय दिलाने में ट्रस्ट के सभी सदस्य हर संभव मदद करेंगे। संयोजक जगदीश सिंह,वरीय सदस्य पूर्व मुखिया सत्येंद्र नारायण सिंह,राम प्रवेश सिंह, प्रोफेसर विजय कुमार सिंह,चंद्र प्रकाश विकास,भीम सिंह, मनोज कुमार सिंह,संजय कुमार सिंह,सरपंच संघ के प्रांतीय अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह अनुग्रह स्मारक समिति के सचिव अभिषेक प्रताप सिंह कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री धनंजय जयपुरी अधिवक्ता अनिल सिंह ने भी संवेदना व्यक्त की। वहीं ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य मनोज कुमार सिंह,चंदन सिंह चौहान,जयंत प्रकाश,प्रकाश सिंह सोलंकी दिव्यानंद कुमार ने पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह,शिवहर के नवनिर्वाचित सांसद लवली आनंद विधायक चेतन आनंद एवं उनके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पीड़ित परिवार के घर पर गए और उन्हें ढांढस बंधाया।ट्रस्ट के सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने भी दूरभाष के माध्यम से संवेदना व्यक्त की।

## एलपीसी बनने में परेशानी को लेकर किया गया शिविर का आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता



बरियारपुर (मुंगेर)।प्रखंड के अंबेडकर भवन में एलपीसी बनाने में किसानों को हो रही परेशानी को लेकर अंचलाधिकारी रवीना गुप्ता के नेतृत्व में किसानों के साथ एक शिविर का आयोजन किया गया लघु सिंचाई विभाग से किसानों को बोरिंग करवाने में एलपीसी की आवश्यकता पड़ती है एलपीसी बनाने के लिए पूरा नियम मालूम नहीं होने के कारण किसानों के एलपीसी रिजेक्ट हो जा रहे हैं लघु सिंचाई विभाग के पंकज कुमार ने बताया कि बरियारपुर प्रखंड के कुल 104 किसानों ने अपने खेतों में बोरिंग करवाने के लिए आवेदन किया था वर्तमान समय में मात्र 18 किसानों का बोरिंग आवेदन स्वीकृत हो पाया है 86 किसानों के पेंडिंग हैं अंचल अधिकारी रवीना गुप्ता ने किसानों को एलपीसी बनवाने के लिए आवेदन करते समय आवेदन की साथ संलग्न करने वाले आवश्यक कागज के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वैसे किसान जिसे स्वयं के नाम से जमाबंदी है वही एलपीसी के लिए आवेदन कर सकते हैं अगर एक जमाबंदी में कई किसानों के नाम अथवा परिवार के नाम दर्ज है तो उन सभी लोगों का भी शपथ पत्र लगाए अपने जमाबंदी संख्या को आधार कार्ड से भी लिंक करवाएं अगर पुश्तैनी रैयत जमीन है तो उसे जमीन का भी जमाबंदी अपने नाम से करवा ले तभी एलपीसी बन पाएगा और सरकारी योजनाओं का लाभ ले पाएंगे मौके पर सी आई हरी विक्रम सहित किसान उधो यादव सुनील कुमार संजय चौधरी अशोक कुमार नीरज जागेश्वर सोरेन उपस्थित थे।

## लोजपा रामबिलास सबका साथ, सबका विश्वास, एवं सबका विकास, करेगी - मिथिलेश सिंह

प्रात: किरण संवाददाता



तारापुर (मुंगेर )। जमुई लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद अरुण भारती एवं हाजीपुर से सांसद सह केंद्रीय मंत्री बने चिराग पासवान से दिल्ली में अभिनंदन समारोह के दौरान शिष्टाचार मुलाकात कर बुधवार को वापस लौटने पर लोजपा राम विलास के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह का कार्यकताओं ने पार्टी कार्यालय तारापुर पहुंचकर उनका स्वागत किया । गौरतलब है कि राष्ट्रीय सचिव श्री सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि जमुई के सांसद श्री भारती का कार्यक्रम जल्द ही तारापुर के कई विभिन्न गांवों में होगी। इनके कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं से बातचीत की जा रही है । बता दे कि जमुई सांसद श्री भारती एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के संदेश को बताते हुए कहा कि लोजपा रामविलास सबका साथ, सबका विश्वास, एवं सबका विकास ,जो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मूल मंत्र है, उसके अनुसार सभी जाति धर्म वर्ग के उत्थान को लेकर क्षेत्र में लोगों की छोटी- बड़ी हर तरह की बुनियादी समस्याओं पर हमेशा खड़ा उतरने का प्रयास करेगी । आगे बताया कि जमुई से दो बार सांसद रहे केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान हाजीपुर के तरह ही जमुई लोकसभा क्षेत्र के लोगों को मान सम्मान के साथ-साथ जमुई को भी हाजीपुर की तरह देश और दुनिया के मानचित्र में आगे ले जाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे । इस मौके पर शशि शेखर राणा प्रणव चौरसिया उर्फ सीटू जी चंद्रशेखर चौधरी डॉक्टर सर्वेश रोहित सिंह बिनोद कुमार सिंह जयराम मंडल मुख्य रूप से मौजूद थे ।

**कामना** राहुल गांधी के बेहतर स्वस्थ एवं लंबी आयु की कामना किए हैं।

# भारत के आमजन की आवाज कॉंग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी की 54 वां जन्मदिन मनाई गई

प्रात: किरण, संवाददाता




गया। देश के सजग, साहसी, संघर्षशील, ईमानदार, जनप्रिय नेता, आमजन की आवाज राहुल गांधी की 54 वां जन्मदिन गया के स्थानीय कॉंग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम मे मनाई गई है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 54 पाउंड का केक काट कर , स्थानीय छोटे-छोटे बच्चों के बीच, कलम, बिस्किट, आदि वितरित कर हुआ है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा ने किया गया है।

इस कार्यक्रम में शामिल बिहार सरकार के पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह, बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि चंद्रिका प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष युगल किशोर सिंह, राम प्रमोद सिंह, विद्या शर्मा, विपिन बिहारी सिन्हा, दामोदर गोस्वामी,जिला महासचिव डॉ देविका सरयार, युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, अजित कुमार,प्रदीप शर्मा, राजीवकुमारसिंहउर्फ लबी सिंह, शशि कांत सिन्हा, मदीना खातून, शांति देवी, शिव शंकर प्रसाद, मोहम्मद नवाब अली, बाबूलाल प्रसाद सिंह, टिंकू गिरी, नवीन कुमार, सैफुल इस्लाम,शिवनाथ प्रसाद, अर्जुन प्रसाद,चिंटू सिंह,जितेंद्र प्रसाद,साजिद आलम,शशांक भूषणआदि ने एक दूसरे को केक खिलाया तथा खुशी का इजहार करते हुए, राहुल गांधी के बेहतर स्वस्थ एवं लंबी आयु की कामना किए हैं।

नेताओं ने कहा कि विश्व लोकतंत्र के इकलौता महानायक, जनमानस की आवाज राहुल गांधी ने देश में 4000 किलोमीटर पैदल भारत जोड़ों यात्रा तथा 6700 किलोमीटर भारत जोड़ों न्याय यात्रा बस एवं पैदल यात्रा कर सम्पूर्ण देश के किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान, बच्चे, बूढ़े, महिलाएं सभी से रुबरु होकर उनके समस्याओं से अवगत होकर उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का संकल्प दोहराया है।नेताओं ने कहा कि देश के एक मात्र राहुल गांधी ही ऐसे नेता हैं जो बिना डरे। बिना झुके मोदी सरकार के गलत नीतियों, एवं विफलताओं के खिलाफ संघर्षरत रहे, और आगे भी रहेंगे। राहुल गांधी लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन के नायक की भूमिका निभाई तथा देश के मतदाता मालिकों ने उन्हें दुगने ताकत के साथ आगे बढ़ाते हुए लोकतंत्र एवं संविधान को सशक्त बनाने का काम किया गया है।आज राहुल गांधी से प्रभावित होकर गया जिलावासी मो इमरान ने कॉन्ग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

## अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त रुद्राक्ष नेत्रालय का हुआ उद्घाटन



प्रात: किरण, संवाददाता

आरा। शहर के पकडी गिरजा मोड के समीप बुधवार को रुद्राक्ष नेत्रालय के नए परिसर का उद्घाटन समाजसेवी अर्जून सिंह, गायत्री सिंह, देवेन्द्र सिंह एवं सुरेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर रुद्राक्ष नेत्रालय के एमडी सह नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक कुमार ने बताया कि रुद्राक्ष नेत्रालय के नए परिसर में नेत्र रोग संबंधित सभी बीमारियों का जांच एवं इलाज अत्याधुनिक मशीनों द्वारा किया जाएगा। इस नेत्रालय में कॉर्निया (आंख की पुतली), ग्लूकोमा (काला मोतिया) एवं रेटिना (आंख के पर्दा) का इलाज किया जाएगा। आंख के पर्दा की जांच के लिए सबसे लेटेस्ट ओसीटी मशीन आरा में मंगाई गई है। इसके अलावे आंख के प्रेशर मापने वाली एनसीटी मशीन भी उपलब्ध है। डॉ. कुमार ने बताया कि यहां प्रतिदिन ओपीडी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ओटी में मोतियाबिंद का ऑपरेशन बहुत ही किफायती दर मात्र 4 हजार रुपए में होगा, जिससे भोजपुर ही नही बल्कि शाहाबाद के मरीजों को फायदा होगा। इसके अलावे अत्याधुनिक लेंस भी उपलब्ध रहेगी। नेत्रालय में एक छत के नीचे में मेडिकल एवं चश्मे की दुकान उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि भोजपुर जिले में वे पिछले दस सालों से आरा में सर्विस दे रहे हैं। इस नेत्रालय के नये परिसर से मरीजो को काफी फायदा होगा। इस अवसर पर अमिजेश सिंह, शशिशेखर, चंद्रशेखर, धीरज शेखर, हरीश पाठक, प्रियंका दुबे, भोला साह, प्रमोद पासवान, गोरख यादव, आदित्य गिरी, संजय सिंह (पूर्व मुखिया गंगधर), ददन सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

